राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 धोनी के रिटायर होने पर...

जो बाइडन को माफी मांगनी चाहिए... 12

वर्ष : 11 | अंक : 299 | पटना, मंगलवार, 12 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C
न्यूनतम तापमान 15°C

**बाजार**

सोना 67,395

चांदी 77,500

सेंसेक्स 73,502

निफ्टी 22,332

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू मॉरीशस की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी पहली तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस के लिए रवाना हुईं। वो मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। इस समारोह में भारतीय नौसेना का एक दल भी हिस्सा लेगा। इसमें भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन पोत- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रोपुन और प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनॉथ के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। वो मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, मॉरीशस सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और अन्य नेताओं से मुलाकात भी करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री जुगनाथ संयुक्त रूप से मॉरीशस के साथ भारत की जीवंत विकास साझेदारी की बढ़ती और बहुमुखी प्रकृति को प्रदर्शित करने वाली 14 भारत सहायता प्राप्त परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

### दिल्ली में बोरवेल में गिरे व्यक्ति की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली। पुलिस ने यहां दिल्ली जल बोर्ड के एक जलशोधन संयंत्र में बने बोरवेल में गिरे 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत के संबंध में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं की जा सकी है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विचित्र वीर ने बताया, विकासपुरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले की जांच की जाएगी। पुलिस ने बताया कि 40 फुट गहरे बोरवेल में गिरे व्यक्ति को बाहर निकालने के लिए लगभग 12 घंटे तक बचाव अभियान चलाये जाने के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी और रविवार को व्यक्ति का शव बोरवेल से बाहर निकाल लिया गया।

**सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले, पीएम**

# मेरा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने नमो ड्रोन दीदियों की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ ड्रोन दीदियों से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं। बचपन में जो अपने घर में देखा, अपने आस-पड़ोस में देखा, फिर देश के गांव-गांव में अनेक परिवारों के साथ रहकर जो अनुभव किया, वही आज मोदी की संवेदनाओं और योजनाओं में झलकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए ये योजनाएं नारी शक्ति के जीवन को आसान बनाती हैं और उनकी मुश्किलें कम करती हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक करोड़ से ज्यादा बहनें पिछले दिनों अलग-अलग योजनाओं और प्रयासों के कारण लखपति दीदी बन चुकी हैं।



### प्रधानमंत्री ने नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन भी सौंपे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लिया और नमो ड्रोन दीदियों की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,000 से अधिक नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन भी सौंपे। इस आयोजन के समय देशभर में 11 अलग-अलग जगहों से भी नमो ड्रोन दीदियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उन लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से सफलता प्राप्त की है और वे अन्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के उत्थान के लिए मददगार बन रही हैं तथा उन्हें प्रेरित कर रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को रियायती ब्याज दरों पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का ऋण भी प्रदान किया। ये ऋण बैंकों की ओर से प्रत्येक जिले में बनाए गए बैंक संपर्क शिविरों के माध्यम से दिए जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यह आंकड़ा छोटा नहीं है और उनका लक्ष्य अब तीन करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है।

उन्होंने कहा, हमारा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। इस आयोजन के समय देशभर में 11 अलग-अलग जगहों से भी नमो ड्रोन दीदियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उन लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से सफलता प्राप्त की है और वे अन्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के उत्थान के लिए मददगार बन रही हैं तथा उन्हें प्रेरित कर रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को रियायती ब्याज दरों पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का ऋण भी प्रदान किया। ये ऋण बैंकों की ओर से प्रत्येक जिले में बनाए गए बैंक संपर्क शिविरों के माध्यम से दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हर बार जब मैं आपके कल्याण की बात करता हूं, कांग्रेस इसे मुझे गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करती है। परिवारवादी पार्टियां कभी भी आपके संघर्षों से जुड़ नहीं सकतीं। मोदी ने कहा कि 2014 से उन्होंने ऐसी योजनाएं बनाने की कोशिश की है जो महिलाओं के जीवन के हर पड़ाव में उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा, प्रसव पूर्व देखभाल से लेकर वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच बनाने तक, हमने महिलाओं की सभी जरूरतों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा, मैं आज देश की हर महिला, हर बहन, हर बेटी को ये बताना चाहता हूं। जब-जब मैंने लाल किले से आपके सशक्तीकरण की बात की तो दुर्भाग्य से कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों ने मेरा मजाक उड़ाया, मेरा अपमान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी देश या कोई भी समाज नारी शक्ति की गरिमा बढ़ाते हुए और उनके लिए नए अवसर बनाते हुए ही आगे बढ़ सकता है। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, लेकिन दुर्भाग्य से देश में पहले जो सरकारें रहीं, उनके लिए आप सभी महिलाओं का जीवन, आपकी मुश्किलें कभी प्राथमिकता नहीं रहीं और आपको आपके नसीब पर छोड़ दिया गया था। अपने अनुभवों का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि अगर महिलाओं को थोड़ा अवसर और थोड़ा सहारा मिल जाए तो फिर उनको सहारे की जरूरत नहीं रहती है, वे खुद लोगों का सहारा बन जाती हैं।

# देश में सीएए लागू, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

**तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता**

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम देश भर में लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था। सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे जाएंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। सीएए, किसी व्यक्ति को खुद नागरिकता नहीं देता है। इसके जरिए पात्र व्यक्ति, आवेदन करने के योग्य बनता है। यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। **क्या है नागरिकता संशोधन कानून? :** नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था। **कानून की मुख्य बातें :** नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जोः (i) पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या (ii) वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है। विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत अवैध प्रवासियों को कैद या निर्वासित किया जा सकता है। 1946 और 1920 अधिनियम केंद्र सरकार को भारत के भीतर विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं। 2015 और 2016 में, केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को 1946 और 1920 अधिनियमों के प्रावधानों से छूट देते हुए दो अधिसूचनाएं जारी की थीं।

## सड़क हादसे में सीतामढ़ी के सात की मौत, सीएम ने जताया शोक

प्रात : किरण

जौनपुर/एजेंसी। जौनपुर के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर केराकत तिराहे परे कार व ट्रक की भिड़ंत में सात लोगों की मौत हो गई। सभी बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले थे और प्रयागराज लड़की देखने जा रहे थे। जानकरी के मुताबिक, बिहार के सीतामढ़ी निवासी गजाधर शर्मा अपने परिवार के नौ सदस्यों के साथ कार से परिवार के ही किसी सदस्य की शादी के लिए लड़की देखने प्रयागराज के झूंसी जा रहे थे। रात लगभग ढाई बजे आजमगढ़ की तरफ से जब उनकी कार केराकत तिराहे पर पहुंची तभी जौनपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक केराकत की तरफ मुड़ा। इससे दोंनो में टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार लगभग 10 मीटर तक ट्रक के आगे घिसटती चली गई। एसओ धर्मेंद्र ने पहुंचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने छह को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जौनपुर मार्ग पर सीतामढ़ी के साथ लोगों की सड़क हादसे में हुई मृत्यु पर गहरी सुख संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं इस घटना से मनमहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार के लिए भेजा गया, जहां एक और की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके पर ट्रक कर छोड़कर फरार हो गए। हादसे में अनीश शर्मा, गजाधर, जवाहर शर्मा, गौतम शर्मा, सोनम व रिंकू शामिल हैं। रात में ही गंभीर रूप से घायल जीतू शर्मा, मीना देवी व आठ वर्षीय युग शर्मा को जिला अस्पताल से बीएचयू ट्रामा सेंटर भेज दिया गया, जहां इलाल के दौरान युग की भी मौत हो गई।

## सुभाष यादव की लगभग 2.37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने पटना में अवैध रेत खनन और रेत की बिक्री से संबंधित मामले में सुभाष यादव और उनके करीबी सहयोगियों के यहां से लगभग 2.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि पटना में सुभाष यादव और उनके करीबी सहयोगियों से संबंधित छह ठिकानों पर तलाशी के दौरान लगभग 2.37 करोड़ रुपये की अस्पष्टीकृत नकदी बरामद की गई। ईडी ने यह कार्रवाई 9 मार्च को धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत की थी। जांच एजेंसी ने कहा कि इस तलाशी अभियान के दौरान सुभाष यादव के एक कर्मचारी और करीबी सहयोगियों के परिसर से डिजिटल उपकरण को जब्त किया गया है। इसके साथ ही सुभाष यादव को गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि सुभाष यादव को 10 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए कोर्ट, पटना के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 22 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने ये कार्रवाई मेसर्स ब्रॉडसन्स कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ पहले से बिहार पुलिस में दर्ज 20 एफआईआर के आधार पर की है। इस मामले में ईडी तीन बार अपना सर्च अभियान चला चुकी है। इसके अलावा मेसर्स बीएसपीएल के निदेशक और सिंडिकेट सदस्य राधा चरण साह और उनके बेटे कन्हैया कुमार समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष पांच मार्च को (एक आवेदन के जरिए) एसबीआई की ओर से समय सीमा बढ़ाने के अलावा यह भी कहा गया था कि 12 अप्रैल 2019 से फैसले की तारीख यानी 15 फरवरी 2024 के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए 22,217 चुनावी बॉन्ड का इस्तेमाल किया गया था। एसबीआई ने शीर्ष अदालत से कहा था कि भुनाए गए बॉन्ड प्रत्येक चरण के अंत में सीलबंद लिफाफे में अधिकृत शाखाओं द्वारा मुंबई मुख्य शाखा में जमा किए गए थे। इस तथ्य के साथ कि दो अलग-अलग सूचना साइलो मौजूद हैं। इसका मतलब यह है कि कुल 44,434 सूचना सेटों को डिकोड, संकलित और तुलना करना होगा। इन तथ्यों को अदालत के समक्ष रखते हुए एसबीआई ने अपने आवेदन में कहा था, अदालत द्वारा अपने फैसले में तय की गई तीन सप्ताह की समयसीमा प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। दूसरी ओर, एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर करने वालों ने (अपनी याचिका के जरिए) आरोप लगाया था कि एसबीआई जानबूझकर जानकारी साझा करने में देरी कर रही है।

## चुनावी बॉन्ड : समय सीमा बढ़ाने की एसबीआई की याचिका खारिज

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने 12 अप्रैल 2019 से खरीदे और राजनीतिक दलों को दिए गए चुनावी बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक करने के लिए 30 जून 2024 तक समय बढ़ाने की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए उसे चेतावनी दी कि 12 मार्च तक चुनाव आयोग के समक्ष विवरण सौंप दे वरना उसके खिलाफ आवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 मार्च को कामकाजी समय के आखिरी वक्त तक चुनाव आयोग को सभी विवरण सौंप दे। इसके अलावा उसने चुनाव आयोग को उन विवरणों को 15 मार्च शाम पांच बजे तक अपने वेबसाइट पर डालने का निर्देश दिया गया है। पीठ ने चुनावी बॉन्ड जारी करने वाले बैंक एसबीआई की याचिका खारिज करते हुए 12 मार्च तक कामकाजी समय के दौरान संबंधित बॉन्ड विवरण का खुलासा करने का निर्देश के साथ ही यह भी कहा कि निर्धारित समय पर विवरण का खुलासा नहीं करने पर अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ अपने आदेश में कहा, एसबीआई के आवेदन से संकेत मिलता है कि मांगी गई जानकारी आसानी से उपलब्ध है।

**आयोजन** | **गोपाल नारायण सिंह विवि में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन**

## महिलाएं देश और दुनिया में लहरा रही सफलता का परचम : आर्लेकर

- राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन
- धन्यवाद ज्ञापन विवि के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया
- बहुआयामी अनुसंधान में महिलाओं की भूमिका विषय पर हुई चर्चा

प्रात : किरण




पटना/एजेंसी। भारत वर्ष पूर्व से ही विश्व में शिक्षा का केंद्र रहा है। नालंदा विश्व विद्यालय एवं तक्षशीला समेत कई प्राचीनतम शिक्षण केंद्र भारत के गौरव रहे हैं। विश्व की प्राचीन लिखित वेद ऋग्वेद में शिक्षक और शिक्षिका को आचार्य और आचार्या के रूप में उद्दत किया गया है। बहुआयामी अनुसंधान में महिलाओं की भूमिका विषय पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार में मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि अपने देश में ब्रिटिश द्वारा 1896 में पहली बार जब सर्वे हुआ था उस समय संयुक्त बंगाल और बिहार में शैक्षिक दर 90 प्रतिशत रही थी जिसमें महिला और पुरुष दोनों की शैक्षिक दर समान थी। हमारी संस्कृति प्रारंभ से ही महिला उत्थान और उत्थान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से परिपूर्ण रही है। उन्होंने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से महिलाओं पर केंद्रित इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों से कंधा मिलाकर काम कर रहीं हैं और देश दुनियां में परचम लहरा रही हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम निश्चित तौर पर विकसित भारत के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। महामहिम ने भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को बेहद सफल करार दिया। उपमुख्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रृष्टि के निर्माण, श्रृष्टि को ज्ञान देने और श्रृष्टि की सुरक्षा में भी देवी( महिला) का ही योगदान है। हमारी संस्कृति और धर्म प्रारंभ काल से ही महिलाओं को देवी स्वरूपा के रूप में सम्मान दिया है। स्वामी विवेका नंद ने ही कहा था कि 21 सदी में विश्व का नेतृत्व भारत करेगा। आज प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा कर रहे हैं। मुझे अतीत से सबक लेना चाहिए। किस गुलाम मानसिकता के कारण हम गुलाम हुए थे। नारी वंदन और वसुधैव कुटुंबकम की भावना ही सृष्टि में सम्मान दिलाता है। इस देश से ही विश्व का मार्गदर्शन पूर्व में भी हुआ था और भविष्य में भी होगा। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि अपने राज्यपाल ने गोवा को स्वतंत्र कराने की लड़ाई में मुख्य भूमिका निभाई है। अपने राज्य में राज्यपाल बनते ही शिक्षा में गुणात्मक सुधार पर लगातार कार्य कर रहे हैं। संस्था में महापुरुषों के आगमन से निकलने वाली आभा से ही संस्था का विकास होता है। अपने संस्था द्वारा राज्य के शैक्षणिक व्यवस्था में परिवर्तन हेतु सहयोग कर रहा हूं। जब जब राष्ट्र पर संकट हुई गुरुओं ने अपने शिष्यों को खड़ा किया जो राष्ट्र के विकास में सहभागी बने। मेरी यह अपील है किअन्य देश से आए हुए प्रतिभागी भी हमारे देश में महिलाओं के प्रति सम्मान के भाव को अपने देश ले जाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर राज्यपाल, विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा डी पी सिंह, कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.महेंद्र कुमार सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, आयोजन समिति अध्यक्ष मोनिका सिंह ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन विवि के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया।

## कोर्ट के आदेश से भाजपा की असलियत से पर्दा हटेगा : कांग्रेस

- चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर फिर गया पानी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड पर विवरण देने के लिए समय मांगने वाली एसबीआई की याचिका खारिज कर उसे कड़ी फटकार लगाई और मंगलवार तक चुनावी बॉन्ड से मिले चंदे का पूरा विवरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश से भाजपा का भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा। श्री खडगे ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें माँगने के बाद साफ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है।

आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। मोदी सरकार के भ्रष्टाचार, घपलों और लेन-देन की कलई खुलने की ये पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा अब भी देश को ये नहीं पता चलेगा कि भाजपा के चुनिंदा पूँजीपति चंदाधारक किस-किस ठेके के लिए मोदी सरकार को चंदा देते थे, उसके लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट को उचित निर्देष देने चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट्स से ये तो उजागर हुआ ही है कि भाजपा किस तरह ईडी, सीबीआई, आईटी छापे डलवाकर जबरन चंदा वसूलती थी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतंत्र में बराबरी के मौके की जीत है। श्री गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी के चंदे के धंधे की पोल खुलने वाली है। स्विस बैंक से काला धन 100 दिन में लाने का वायदा कर सत्ता में आई सरकार अपने ही बैंक का डेटा छिपाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सिर के बल खड़ी हो गई।

# विप चुनाव : महागठबंधन व भाजपा के उम्मीदवारों ने किया नामांकन

## राबड़ी देवी सहित महागठबंधन के सभी उम्मीदवारो ने भरा पर्चा



पटना। बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को महागठबंधन के सभी उम्मीदवारो पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ उर्मिला ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव श्री फैसल अली ने राष्ट्रीय जनता दल की ओर से तथा भाकपा माले की कॉमरेड शशि यादव ने बिहार विधान सभा के सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, भाकपा माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चैधरी, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, समीर कुमार महासेठ, ललित यादव, डॉ शमीम अहमद, अनीता देवी, सुरेंद्र राम, सुधाकर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, विनोद श्रीवास्तव, विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, भाई वीरेन्द्र, सुदय यादव, प्रेम शंकर यादव, विजय सम्राट, संजय गुप्ता, हरिशंकर यादव, महागठबंधन के विधायक एवं वरिष्ठ नेता सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि सभी उम्मीदवारों ने दो-दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

## भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रहे मौजूद



पटना। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय सहित भाजपा के सभी तीन प्रत्याशियों ने बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। भाजपा के तीनों प्रत्याशी मंगल पांडेय, अनामिका सिंह और मोहन लाल गुप्ता भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा पहुंचे और नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, जीतन राम मांझी, संतोष कुमार सुमन, रेणु देवी, पूर्व मंत्री नितिन नवीन, अवधेश नारायण सिंह, जनक सिंह, अरुण सिन्हा, कुंदन सिंह, संजीव चौरसिया, संजय खंडेलिया, दानिश इकबाल सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इससे पहले एनडीए उम्मीदवार के रूप में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, खालिद अनवर तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन नामांकन का पर्चा दाखिल कर चुके हैं। बिहार में विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों पर चुनाव होना है। इसके लिए नामांकन भरने का सोमवार को आखिरी दिन है। 21 मार्च को इन सीटों के लिए मतदान होगा।

## राज्यपाल ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष को दिलाई शपथ



पटना। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में बिहार विद्युत विनियामक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष आमिर सुबहानी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव-सह-बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लि के प्रबंध निदेशक श्री संजीव हंस, बिहार विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य अरूण कुमार सिन्हा एवं परशुराम सिंह यादव तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## गरीबों के हितैषी होने का दिखावा कर रहे हैं तेजस्वी : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि अपनी खानदानी जमींदारी बचाने के लिए राजद के राजकुमार आजकल विकास के समर्थक होने का ढोंग कर रहे हैं। उन्होंने नाबालिग रहते ही करोड़ों की संपत्ति जमा कर ली आज वोटों के लिए वह गरीबों के हितैषी होने दिखावा कर रहे हैं। लेकिन बीते 17 महीने में राजद को मिले मंत्रालयों में हुए काम-काज के तरीकों से उन्होंने साबित कर दिया है कि मौका मिलने पर वह लालू जी का रिकॉर्ड तोड़ने से भी बाज नहीं आएंगे। तेजस्वी को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी तेजस्वी से बिना काम-धंधे के अरजी हुई करोड़ों की संपत्तियों के बारे में सवाल पूछे जाते हैं तो वह उस समय नाबालिग होने की दलील देते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि यदि उस समय उन्होंने नादानी में गलती कर दी थी तो आज उन्हें उसे सुधारने से कौन रोक रहा है? यदि वह वास्तव में भ्रष्टाचारी नहीं है तो आम लोगों से हथियाई हुई जमीनों को वापस क्यों नहीं कर देते? जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में तेजस्वी यादव झूठे बयानों के जरिये लालू परिवार द्वारा किये गये काले कारनामों से अपना पिंड छुड़ाना चाहते हैं। उन्हें पता है कि ह्यबिहार का सबसे बड़ा जमींदार बना उनका परिवार ने किसानों, राजद नेताओं, व्यापारियों व आम जनता तक की जमीनों को हथियाया है। यहां तक कि उन्होंने अपने नौकरों तक को नहीं बख्शा। तेजस्वी जान लें कि झूठे बयानों से उनके परिवार के भ्रष्टाचार की कालिख मिटने वाली नहीं है। बल्कि बिहार सरकार की जांच में उनके 17 महीनों के काले कारनामों का कच्चा-चिटठा भी सामने आने वाला है। इसीलिए यदि वह सही में साफ मन से राजनीति करना चाहते हैं तो अपनी काली आमदनी को खुद से उजागर कर दें और साथ ही आम लोगों से हड़पी जमीनों को वापस कर बिहार की जनता से माफी मांग एक नये सिरे से शुरूआत करें।

## शहीद जुब्बा सहनी का शहादत दिवस पर भाजपा का कार्यक्रम कल

- विज्ञान पढ़ना जरूरी लेकिन इतिहास भी जानना आवश्यक : हरि
- निषाद समाज सहित पूरा भारत शहीद जुब्बा का ऋणी : राजभूषण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में भाजपा 13 मार्च को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शहीद जुब्बा सहनी के शहादत दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन करेगी। विधान पार्षद हरि सहनी ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सहनी ने कहा कि आज हम जुब्बा सहनी की शहादत दिवस का पखवारा मना रहे हैं। राम, कृष्ण की धरती को हमलोग शहीदों की धरती भारत के रूप में जानते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान पढ़ना आधुनिक तकनीकों को जानने के लिए काफी जरूरी है लेकिन, इतिहास भी जानना आवश्यक है, तभी हम अपने पूर्वजों को जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की केंद्र की सरकार ने एक अभियान चलाकर गुमनाम शहीदों को और उनके परिवारों को खोजकर निकालने का काम किया है। आज की शहीदों का इतिहास ही हमे देश के प्रति समर्पण को बढ़ाता है। इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजभूषण चौधरी ने कहा कि शहीद जुब्बा सहनी ने जिस तरह कम उम्र में देश की खातिर त्याग और बलिदान दिया, उसके लिए निषाद समाज और संपूर्ण देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को खासकर विपक्ष को स्वतंत्रता के मूल्यों को समझने की जरूरत है। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, सूरज पांडेय, ओबीसी मोर्चा के लालबाबू सहनी और रूपेश सहनी भी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान योजना गरीब परिवारों के लिए बड़ी सौगात : हिमराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राज्य के सभी राशनकार्ड धारी परिवारों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का फैसला कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गरीब हितैषी सरकार ने करोड़ों लोंगों के आंसू पोछने का काम किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार के इसी फैसले के बाद राज्य में करीब 1 करोड़ से ज्यादा लोगों का आयुष्मान कार्ड बनने का सपना साकार हुआ है। ये बातें पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कही।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार के इस फैसले के बाद लोगों ने बड़ी मात्रा में आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू किया जिससे लोगों को इलाज के नाम पर बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद अब राज्य के करोड़ों लोगों को साल में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिल सकेगा जिससे खासकर गरीब परिवारों को इसका जबर्दस्त फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के कमजोर वर्गों और गरीबों की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने बिहार के गरीब परिवारों को ये बड़ी सौगात दी है। जदयू प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इससे पहले इस योजना का लाभ केवल उन्हीं लाभुकों तक ही सीमित था, जिनका नाम साल 2011 की जनगणना के बाद सूची में दर्ज था, या जिसे केंद्र सरकार की तरफ से अनुशंसित किया गया था। उन्होंने कहा कि लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने इस योजना को वैसे लोगों से भी जोड़ दिया, जिनके पास राशन कार्ड हैं। इसका मतलब है कि इस फैसले के बाद अब राज्य के वैसे करोड़ों लोगों को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा जिनके पास राशन कार्ड मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य कार्ड की मदद से लोग सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के करोड़ों लोगों का आयुष्मान योजना का लाभ देने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी और वो बेहतर जीवन जी सकेंगे।

## सामूहिक प्रयास से राज्य में दुर्घटना का जोखिम होगा न्यून : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



परिवहन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा हेतु बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् एवं विभिन्न स्टेक होल्डर विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए सड़क सुरक्षा परिषद् सतत प्रयत्नशील है। आने वाले समय में यह परिषद् और भी प्रभावी ढंग से काम करेगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सड़क सुरक्षा अभिन्न रुप से जुड़ गया है। कई मुद्दे जो राज्य के लिए चुनौतीपूर्ण है, उनमें से सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चुनौती के रुप में उभरा है। सड़क और परिवहन की सुविधाएं बढ़ने के साथ ही सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ा है। इन चुनौतियों के बीच सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने की दिशा में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् प्रयासरत है। निश्चित रुप से सभी विभाग के सामूहिक प्रयास से राज्य में दुर्घटना का जोखिम न्यून होगा। बैठक के दौरान परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने पावर-प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सड़क सुरक्षा के लिए किये जा रहे प्रयासों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 14 प्रतिशत एवं मृत्यु में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, वहीं 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा मृत्यु में भी कमी आयी है। सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों एवं तथ्यों का ऑन स्पॉट प्त।कध्मकंत में प्रविष्टि हेतु सभी थानोंध्ओपी के लिए 1220 स्मार्ट फोन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराया गया है। इसके जरिए सड़क दुर्घटनाओं के कारणों एवं अन्य विवरणी जैसे दुर्घटना स्थल का लोकेशन, दुर्घटना के कारण, पीड़ितों की संख्या इत्यादि की सटीक जानकारी अविलंब पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। उन्होंने बताया कि यातायात उल्लंघनकताओं पर नियंत्रण हेतु कंट्रोल एंड कमांड सेंटर जैसे आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक देखी गई है। इस लिहाज से सशक्त हाईवे पेट्रोलिंग के लिए वर्तमान वितीय वर्ष में इंटर सेप्टर सह हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों के क्रय के लिए पुलिस मुख्यालय को राशि आवंटित की गई है। लगभग 61 वाहनों द्वारा राजमार्गों पर हाईवे पेट्रोलिंग किया जायेगा। साथ ही, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन को 10 हजार का पुरस्कार दिया जा रहा है। इस मौके पर राज्य परिवहन आयुक्त विशाल राज, विशेष सचिव, गृह विभाग के.एस. अनुपम, पुलिस अधीक्षक यातायात अशोक कुमार चैधरी सहित पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनएचएआई आदि स्टेकहोल्डर विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नमाजियों के प्रति अपमान के खिलाफ भाकपा माले का प्रतिवाद




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में नमाजियों के प्रति अपमान और हिंसा के खिलाफ भाकपा-माले के दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्रतिवाद के तहत सोमवार को पटना में भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने नफरत व पुलिसिया बर्बरता पर रोक लगाओ, नफरत की राजनीति नहीं चलेगी आदि नारे लगाते हुए प्रतिवाद मार्च निकाला।

प्रतिवाद मार्च में माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य, विधायक दल के नेता महबूब आलम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता-कार्यकर्ता शामिल थे। मार्च जीपीओ गोलबंर से शुरू हुआ और बुद्ध स्मृति पार्क पर एक प्रतिवाद सभा आयोजित की गई।माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि दिल्ली में नमाज पढ़ रहे युवकों पर जो पुलिसिया लात चली है, दरअसल वह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए गए संविधान पर हमला है 2024 चुनाव के ठीक पहले इस तरह का सांप्रदायिक माहौल बनाकर भाजपा वोटों का ध्रुवीकरण करना चाह रही है। देश की जनता इसका मुक्कमल जवाब देगी। उन्होंने आगे कहा कि नमाजियों को लात से मारना भाजपा की नफरती राजनीति एवं उसके प्रचार-प्रसार का परिणाम है। संविधान में भाईचारे व धर्म की आजादी की बात कही गई है, लेकिन आज उसी संविधान को खत्म करने की साजिश चल रही है।

## सीसीए कानून देश भर में लागू करने के लिये पीएम को धन्यवाद : विजय

- विपक्षी दलों के तुष्टिकरण का रवैया देश के लिए खतरनाक

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने देशभर में नागरिकता कानून लागू करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है और आभार प्रकट किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के लागू होने से भारत में रह रहे लाखों शरणार्थियों को सम्बल मिलेगा और वे अधिकार पूर्वक अपने उद्गम देश भारत में निवास कर सकेंगे।यह कानून प्रगतिशील और मानवता के हक में है। नागरिकता देने का अधिकार भारत सरकार को है।सभी को इस कानून का स्वागत करना चाहिए।किसी भी राज्य सरकार को इसे रोकने का अधिकार नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि विपक्षी दलों को इस कानून के बारे में भ्रम नहीं फैलाना चाहिए।देश इनकी तुस्टीकरण के प्रयासों से अवगत है। इस कानून से माँ भारती के लाखों विस्थापित संतानों को न्याय मिलेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा ने2019 के लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणा पत्र में नागरिकता संशोधन कानून लागू करने का वादा किया था जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने आज पूरा किया है। इस कदम से भाजपा ने वादा पूरी करने वाले पार्टी के रुप में कीर्तिमान रच दिया है।

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–130 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–16.03.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–16.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–16.03.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of 79 MOS of Qtr. No. -C/4 at Punaichak, Patna for the year 2023-24. | 431000.00 | 9000.00 | 750.00 | 1 month |
| 2 | Renovation of portico shed, boundary wall fencing, modular kitchen and parking tiles in 96 officer's flat No.-A3/4 at Nehru Path Patna for the year 2023-24. | 1070800.00 | 22000.00 | 2500.00 | 7 days |
| 3 | Renovation of campus development in officer's flat No.-20/84 at Punaichak, Patna for the year 2023-24 (Bihar State Food Commission) | 795500.00 | 16000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 4 | Renovation of outer surface repair and painting work in officer's flat No.-19/84 to 24/84 at Puniahcak, Patna for the year 2023-24. (Bihar State Food Commission) | 383500.00 | 8000.00 | 750.00 | 1 month |
| 5 | Renovation of 84 set officer's flat No.-20/84 at Punaichak, Patna for the year 2023-24. (Bihar State Food Commission) | 700300.00 | 14500.00 | 1250.00 | 1 month |
| 6 | Renovation of Brick work of campus development in officer's flat No.-19/84 to 24/84 at Punaichak, Patna for the year 2023-24. (Bihar State Food Commission) | 978100.0 | 20000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 7 | Renovation of outer surface, portico, APP, Gate Sign Board of South Bihar Circle New Punaichak, Patna for the year 2023-24. | 993200.00 | 20000.00 | 1250.00 | 1 month |

8. निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देंखे।

PR. No. 019514 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# महिला सशक्तिकरण की सुदृढ़ पहल नारी शक्ति वंदन अधिनियम : विजय

## गोपाल नारायण सिंह विवि में दो दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

### कार्यक्रम का राज्यपाल व उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन



सासाराम/पटना। डा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सोमवार को बहुआयामी अनुसंधान में महिलाओं की भूमिका विषयक पर वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ,विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा डी पी सिंह, कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह,विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.महेंद्र कुमार सिंह,सचिव गोविंद नारायण सिंह,प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह,आयोजन समिति अध्यक्ष मोनिका सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कुलाधिपति ने राज्यपाल का, प्रबंध निदेशक ने उप मुख्यमंत्री का और सचिव ने यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष डीपी सिंह का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। कार्यक्रम में कई देशों से आए प्रतिभागी के अलावा आयोजन समिति के पदाधिकारी गण ,विभिन्न कार्यों में लगे समन्वयक गण ,सभी संकाय के प्राचार्य, अध्यक्ष एवं निदेशक तथा शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में आयोजन समिति की अध्यक्ष मोनिका सिंह ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी अस्तित्व का स्वागत किया जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस भारत भूमि पर हम जन्म लिए हैं वह विश्व का पहला राष्ट्र है जिसको हम भारत माता के नाम से पुकारते हैं। यही स्पष्ट करता है कि इस धरती पर जन्म लेने वाले की सोच क्या है। गुलामी की मानसिकता में हम अपनी शक्ति, भक्ति और मुक्ति के मार्ग को भूल गए हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि भारत का अभ्युदय जिस विश्व गुरु के रूप में हुआ था वह उससे भटक गया। लेकिन आज हम 21वीं सदी 24 वर्ष के यौवन में खड़े हैं और इस युग का वाहक संयोग नहीं हो सकता। यह दो- तिहाई युवाओं की आबादी युग परिवर्तन करने वालों का है जिसका नेतृत्व देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अतीत की जानकारी जरुरी है। अतीत के ही आधार पर भविष्य को गढ़ना है। महिला सशक्तिकरण के लिए जो वातावरण प्रधानमन्त्री ने बनाया है उसका नाम है नारी वंदन। इसी आधार पर आगे बढ़ना है जिससे इस धरती से पूरे विश्व का मार्गदर्शन हो।

### नारी शक्ति के बिना संभव नहीं संसार का संचालन: गोपाल

विवि के कुलाधिपति और पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि जबसे राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर बिहार में राज्यपाल बनकर आये वो विवि और शिक्षकों की सोच को लेकर संवेदनशील रहे। बिहार की जो दयनीय स्थिति शिक्षा के क्षेत्र में है उसमें सुधार करने के उद्देश्य से इस विवि की स्थापना की। भगवान ने प्रेरणा दी, अच्छे- अच्छे लोगों से सम्बन्ध बना और मां- पिता के आशीर्वाद से यह संस्थान शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा योगदान राज्यपाल महोदय का रहा जिन्होनें शिक्षकों को प्रेरित किया। शिक्षकों का छात्र- छात्राओं के प्रति जिम्मेदारी और शिक्षक के समर्पण के बिना विद्यार्थियों का भला नहीं हो सकता। इतिहास पर अगुर करें तो पायेंगे कि विश्वमित्र ने राम और चाणक्य ने चंदगुप्त को तैयार किया। आज एक महान पुरुष का फिर जन्म हुआ है जो देश को अपनी पुरानी परंपरा, शिक्षा पद्वति को लाने कि कोशिश करता है। उसका नाम है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। जाहिर है भारत को किसी भगवान ने नहीं बल्कि गुरुओं ने बनाया है। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं की सहभागिता के बारे में बात कर रहे हैं। साल में सिर्फ एक बार स्त्रियों का नमन करें तो उनकी स्थितियों में बदलाव नहीं होगा। हमारे भारतवर्ष की संस्कृति में सिर्फ स्त्रियों की पूजा- अर्चना की जाती है। इस देश की रचना स्त्रियों ने ही किया है। हमें समझना होगा कि नारी शक्ति के बिना बेहतर समाज निर्माण और संसार के संचालन की कल्पना नहीं की जा सकती। महिलाओं के प्रति जो हमारा सम्मान, झुकाव है इसको आप सभी अपने साथ ले जाएँ। सरकारी सूत्रों के मुताबिक आमिर सुबहानी को बिहार विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि उनके बीपीएससी अध्यक्ष बनने की भी चर्चा हो रही है। अतुल प्रसाद के सेवानिवृत होने के बाद बीपीएससी के अध्यक्ष का पद खाली है और उसे अतिरिक्त प्रभार के सहारे चलाया जा रहा है। वहीं विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने भी वीआरएस ले लिया था। उन्हें रेरा का अध्यक्ष बनाया गया है। उसके बाद इस पद पर चैतन्य प्रसाद की तैनाती हुई है।

### सम्मेलन से उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा : गोविंद

आप सबों की उपस्थिति से संस्थान का बढ़ा गौरव

संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने सम्मेलन के धन्यवाद ज्ञापन के दौरान कहा कि आप सबों कि उपस्थिति से संस्थान के गौरव को एक ऊंचाई मिली है। माननीय राज्यपाल के आगमन और उनको सुनने के बाद शिक्षकों और छात्र- छात्राओं में जबरदस्त उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। सम्मेलन के दौरान आप सबों का बौद्धिक योगदान संस्थान और विद्यार्थियों के लिए अमूल्य साबित होगा। उन्होंने कहा कि सुचना क्रांति के युग में देश और दुनिया में चीजें तेजी से बदल रही हैं। उनसे हम सब अवगत रहे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रहा है। जब हम समाज की बात करते हैं तो महिलाओं की और से किस तरह के अनुसंधान किये जा रहे हैं उस पर बात करना जरुरी हो जाता है। इसीलिए इस बार की थीम में महिलाओं को शामिल किया गया है। सम्मेलन के प्रबंधन में ज्यादातर महिलाओं को लगाया गया है। ये हमारे विवि के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि विशिष्ट और प्रबुद्ध जनों का दूरदर्शी मार्गदर्शन वर्तमान और भविष्य में सबों के लिए महत्वपूर्ण होगा। श्री सिंह ने राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों को बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, सभागार में जो भी शिक्षक और छात्र- छात्राएं उपस्थित हैं उनके लिए आज का सम्मेलन उनकी स्मृति में सदा जीवंत रहेगा। सम्मेलन कि अभूतपूर्व सफलता के लिए मैं आयोजक मंडल, शिक्षकों और छात्रों सहित कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करनेवाले विश्वविद्यालय के सभी कर्मियों, वॉलंटियर को धन्यवाद देता हूं।

## सीएए लागू होने से 6 धर्मों के लोगों को मिलेगा नया जीवन: मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून लागू किये जाने का पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने स्वागत किया है। श्री पांडेय ने इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मंत्रिमंडल सहयोगियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से उत्पीड़ित लोगों को भारत में नागरिकता पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। कानून लागे हो जाने से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आये हुए 6 धर्मों के लोगों को नागरिकता मिलेगी। इससे उनको नया जीवन और सम्मान मिलेगा। यह बीजेपी के 2019 लोस चुनाव के घोषणा पत्र का एक अभिन्न अंग था। प्रधानमंत्री ने घोषणा पत्र में जो वायदा किया था उसे पूरा कर दिया। इसी को कहते हैं, मोदी की गारंटी। जो कहते हैं, वह करते हैं। केंद्र सरकार ने ऐसे लोगों भारत में सम्मानित जीवन जीने का अधिकार दिया है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 12 मार्च, 2024
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### फरार चल रहे 15 हजार रुपए की इनामी दो अपराधी गिरफ्तार

दरभंगा कार्यालय दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या के आरोपित 15-15 हजार के दो इनामी फरार आरोपित अभियुक्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया उक्त बातों की जानकारी दरभंगा के वरीय पुलिस कप्तान जगुनाथ रेड्डी उर्फ जला रेड्डी ने देते हुए बताया कि बहेड़ा थाना क्षेत्र के बदरबन्ना निवासी स्वर्गीय अली हसन के पुत्र मो० साबिर एवं मो० साबिर की पत्नी राहत आजमा उर्फ शहाना को बहेड़ा थाना के पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बहेड़ा थाना की टीम एवं डी.आई.यू.टीम के संयुक्त छापामारी कर केवटी थाना अंतर्गत ग्राम छतवन से दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में न्यायालय से कुर्की प्राप्त कर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गई थी। इस छापामारी टीम में संजीवन पासवान,नीरज कुमार,राजीव रंजन,रामबाबू राय आदि शामिल थे।

### सड़क निर्माण का कार्य स्थगित रहने से हो रही कठिनाई

विभूतिपुर, समस्तीपुर। काम शुरू तो हुआ परंतु कुछ दिनों स्थगित होने से राहगीरों को कठिनाई हो रही है। ये स्थिति है कि विभूतिपुर प्रखंड का एक मात्र रेलवे स्टेशन सिंघिया घाट जाने वाली सड़क की। यह सड़क कई वर्षो से टूटा हुआ है। उसके बाद 26 दिसम्बर 2023 को सड़क बनाने का काम शुरू किया गया। जिसमें पत्थर का टुकड़ा कुछ दूर तक गिरा दिया गया कुछ दूर चिमनी वाला मिट्टी गिरा कर छोर दिया गया है। धूप तेज तथा हवा चलने से काफी गर्दा उड़ रहा है। वाहन सवार आने जाने वाले यात्री दुर्घटना होते बचते हैं। दैनिक यात्री संघ सिंघियाघाट स्टेशन संयोजक मनोज कुमार तथा दैनिक यात्री संघ के समस्तीपुर मंडल के कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने पदाधिकारियों में मांग किया है कि अविलंब इस सड़क का निर्माण कराकर समस्या का समाधान किया जाय।

### अग्नि पीड़ितों के बीच हुआ राहत का वितरण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। तीरा पंचायत के गांव रजपा हरिजन बस्ती में अग्नि पीड़ित परिवारों में भाजपा कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष अर्जुन शाह के मां जो वार्ड सदस्य शान्ति देवी, पूर्व मुखिया रंजन चौधरी, पूर्व उप सरपंच गोपाल पांडे , शबनम खातुन, शक्ति केंद्र प्रमुख शिव कुमार के द्वारा पीड़ित परिवार को अनुदान सहयोग के द्वारा महिला पुरुष और बच्चे के लिए कपड़ा साथ में चुरा चना बिस्कुट आदी सामग्री दीया गया। साथ में कल्याणपुर उत्तरी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता श्याम नारायण, राधेश्याम ठाकुर, पुजित कुमार, पूर्व सरपंच पति संतोष मिश्र, संजय ठाकुर, वीना देवी, भास्कर कुमार,पूर्व सरपंच राम विनोद ठाकुर और तीरा पंचायत के 8 वार्ड सदस्य, अवधेश कुमार, अभय कुमार, रीना पांडे, शंकर कुमार, कामिनी कुमारी, सुनील कुमार, रंजेश साह, कल्याणपुर उत्तरी मंडल अध्यक्ष तेज नारायण प्रसाद राम थे।

### अग्निकांड में बच्चे के परिजन को मिला चेक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जटमलपुर पंचायत अंतर्गत रजपा अनुसूचित जाति टोल में लगी आग में एक बच्चे की घर में जलकर मौत हो गई थी। इसके बाद प्रशासन द्वारा तहकीकात के उपरांत सोमवार को मृतक बच्चे के परिजन को बुलाकर कल्याण विभाग के द्वारा चार लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।मामले में सीओ शशि रंजन का बताना है, कि चेक की राशि का भुगतान अंचल कार्यालय की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। पिछले दिन पूर्व अचानक लगी आग में उपेंद्र राम का नाती अनमोल कुमार की झुलस जाने के कारण मौत हो गई थी।

### मारपीट में तीन जख्मी, इलाज जारी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। आपसी मारपीट की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में कल्याणपुर भर्ती कराया गया।जिसे बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जख्मी की पहचान परतापुर गांव निवासी शिरोमणि देवी, संतु कुमार व पूजा कुमारी का नाम शामिल है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

# अपराध की योजना बना रहे दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो पिस्टल तीन गोली बरामद

## छापेमारी के दौरान पुलिस को चकमा देकर तीन बदमाश भागने में रहे कामयाब



**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर बांध महादेव मंदिर के पास रविवार की रात कल्याणपुर पुलिस ने छापेमारी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बदमाशों के पास से दो पिस्टल और तीन गोली बरामद किया गया है। बदमाशों की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर वार्ड संख्या एक निवासी बैद्यनाथ महतो के पुत्र रमेश कुमार और कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ही अकबरपुर के स्व. मोहन दास के पुत्र शिवम कुमार के रूप में बतायी गई है। इस संबंध में सोमवार को सदर एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि गश्ती के दौरान कल्याणपुर थाना पुलिस को गोपालपुर बांध महादेव मंदिर के पास कुछ अपराधियों के इकट्ठा होकर अपराध की योजना बनाने की सूचना मिली थी। इसके बाद एक संयुक्त टीम का गठन किया गया और उसे छापेमारी के लिए निर्देशित किया गया। बताए गए स्थान पर छापेमारी के दौरान पुलिस को देख अपराधियों ने भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने दो अपराधियों को खदेड़ कर पकड़ लिया। वहीं तीन अपराधी इस दौरान भागने में कामयाब रहे। फरार अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध कल्याणपुर थाने में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस की छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी सह कल्याणपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष नीतीश चंद्र धारिया, कल्याणपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष एसआई राजन कुमार, मथुरापुर थानाध्यक्ष एसआई मुकेश कुमार, मथुरापुर थाना के एसआई अश्वत्थामा कुमार एवं सिपाही ओम नारायण सिंह व राकेश कुमार शामिल थे।

# कुशेश्वरस्थान विधानसभा के विधायक सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे



**प्रात: किरण संवाददाता**

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वरस्थान के विधायक अमन भूषण हजारी बीती रविवार की देर रात सड़क हादसे में बाल बाल बच गए। विधायक अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से कुशेश्वरस्थान से पटना जा रहे थे। घटना समस्तीपुर जिला के मुसरीघरारी चौक के निकट हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक बीती रविवार को केवटगामा में एक शादी समारोह में शामिल होकर रात में ही पटना के लिए रवाना हो गए। इस दौरान एनएच 28 पर मुसरीघरारी चौक के निकट एक ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर हो गई। जिससे विधायक की गाड़ी पलट गई। इसके बाद वहां चीख-पुकार मच गया। वहां मौजूद लोगों ने स्कॉर्पियो में सवार विधायक सहित सभी 5 लोगों को घायल अवस्था में किसी तरह बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही समस्तीपुर सदर एसडीपीओ संजय पांडेय एवं मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। घटना की सूचना पर कुशेश्वरस्थान से पहुंचे विधायक के परिजन की गाड़ी से सभी रात में वापस कुशेश्वरस्थान लौट आए। इस हादसे में विधायक श्री हजारी सहित स्कॉर्पियो में सवार उनके दो सुरक्षा गार्ड, एक रिश्तेदार और स्कॉर्पियो चालक घायल है। विधायक के बांये हाथ की अंगुली फ्रेक्चर है। वहीं अन्य सभी को मामूली चोटें आई हैं। इस घटना में विधायक का स्कॉर्पियो बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सोमवार की सुबह विधायक पटना चले गए। जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार किया गया।

# कपिलेस्वर में महिला,पुरुष का महादंगल कुश्ती में बाबर ने गब्बर पहलवान को किया चारो नाल चीत



**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध देव स्थल कपिलेस्वर स्थान में महा शिवरात्रि के अवसर पर महा दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया कुश्ती में दूरदराज एवं अन्य राज्यों व पड़ोसी देश नेपाल से आए पहलवानों ने कपिलेश्वर के ऐतिहासिक अखाड़ा पर अपना अपना दाव पेंच आजमाते हुए नजर आए। जिसमें राजबहादुर पहलवान और संतोष पहलवान, कानपुर से मिंटू, भारत यादव, धमाका, बाबर, जमाई पहलवा न को बनारस के संदीप, विकास, साहू कुमार, महिला पहलवान रिया गोरखपुर, पिंकी मोहिदीपुर हलचल झांसी, श्याम सुंदर बक्शर बिहार, धमाका, उपेंद्र थापा नेपाल, मनीष, संदीप गाजीपुर, लालबहादुर , महिला पहलवान वैशाली , आलम मधुबनी, ऊदल पहलवान, मधु पहलवान छपरा, नेहा,प्रिंस दास लालबाबू आशीष, दीपक, रिया गोरखपुर गबर बाबर अंजली पहलवान ने ऐतिहासिक अखाड़ा कपिलेश्वर में अपना अपना दाव पेंच आजमाते नजर आए कुश्ती लड़े।लेकिन इस बार अपने अखाड़े पर स्थानीय संजय पासवान नजर नही आए।दूरदराज से आए पहलवानों से पूछने पर बताएं कि मिथिला के जनता से बहुत प्रेम मिल रहा है इतनी सारे दर्शकों के देख कर हम लोगों को काफी खुशी हो रहा है कमेटी के द्वारा भी हमलोगो की भरपूर सहयोग मिला। बताते चले कि देश से लुप्त होते पहलवानी को देखने के लिए लगभग 40 से 50 हजार दर्शकों की भीड़ ने इस कुश्ती का आनंद उठाएं।कपिलेस्वर स्थान के पूजा कमेटी के द्वारा सभी पहलवानों को सम्मानित किया गया वही दूर दराज से आए पहलवानों का भी हौसला बढ़ाएं दंगल कुश्ती को देखने के लिए हजारों की संख्या में महिला व पुरुष कुश्ती का आनंद उठाते हुए पहलवानों को जयकारा व तालियों की गड़गड़ाहट से हौसला बढ़ाते रहे। इस दंगल कुस्ती में उपेंद्र थापा नेपाल और बाबर पहलवान ने पूर्व के विजेता पहलवान गब्बर पहलवान राज्यस्थान,बंगाल के महाकाल,भौकाल पहलवान को पटकनी देते हुए दर्शको का दिल जीत लिया। कपिलेश्वर के ऐतिहासिक अखाड़ा में महिला पहलवान अंजली, वैशाली,मधु, ने जीत दर्ज की,जबकि भारत यादव,बाबर,विकास,श्याम सुंदर, उपेंद्र थापा,संदीप,आलम मधुबनी,आशीष,प्रिंस दास ने जीत दर्ज किया।सबसे रोचक मुकाबला बाबर और गब्बर पहलवान के बीच हुआ जिन्होंने हजारों हजार की संख्या में आए दर्शको का दिल जीत लिया।

# याद किए गए शहीद जुब्बा सहनी



**प्रात: किरण संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। अमर शहीद जुब्बा सहनी के बलिदान दिवस पर नागरिक मोर्चा की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहीद जुब्बा सहनी पार्क के निकट उन उनकी प्रतिमा स्थल पर किया गया। पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्धत प्रो. भगवान लाल सहनी, शिक्षाविद हरिकिशोर प्रसाद सिंह, मोर्चा के महासचिव मोहन प्रसाद सिन्हा, समाजसेवी नरेन्द्र मिश्र, अक्षय कुमार आदि ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.। उधर गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित कपूर्री भवन में विकासशील इंसान पार्टी द्वारा शहीद जुब्बा सहनी का शहादत दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायघाट प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष रामपुकार सहनी व संचालन मिनापुर के रामपूजन सहनी ने किया।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अमर शहीद जुब्बा सहनी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस समय में अंग्रेजों द्वारा भारतीयों पर अत्याचार हो रहा था ,उस समय उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया। कार्यकताओं ने जुब्बा सहनी की तस्वीर पर फूल- माला और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।वहीं,कपूरी ठाकुर जी की मूर्ति पर भी फूल माला और पुष्प अर्पित किया गया।इस मौके पर वीआईपी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता सहनी,जिला अध्यक्ष महावीर सहनी,जिला उपाध्यक्ष मनोज सहनी,दीपक सहनी,महिला जिला अध्यक्ष्य संगीता सहनी, आईटी सेल जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सहनी,हरेंद्र सहनी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएसपी के संचालक से हथियार के बल पर 2 लाख 75 हजार रुपए की लूट

**कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

चकमेहसी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर-पूसा मुख्य सड़क के बख्तियारपुर गाछी के समीप एक काले रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने भारतीय स्टेट बैंक के सीएसपी संचालक से सोमवार की दोपहर हथियार के बल दो लाख 75 हजार रुपए लूट लिया और फरार हो गए। अपराधियों ने सीएसपी संचालक की बाइक जबरन रोक कर रुपए से भरा बैग लूट लिया। वहीं घटना के बाद पीड़ित सीएसपी के संचालक मालीनगर गांव निवासी मनीष कुमार ने घटना की सूचना चकमेहसी थाना को दिया। अपने परिवार के लोगों को दिया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी लिया। पीड़ित सीएसपी के संचालक मनीष कुमार ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के कल्याणपुर शाखा से 2 लाख 75 हजार निकालकर अपने सीएसपी के शाखा मालीनगर जा रहे थे। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने सीएसपी संचालक को पीछा करते हुए बख्तियारपुर गीछी के समीप जबरन रोककर घटना को अंजाम दिया। वहीं सभी बदमाश भागने में सफल रहे। वहीं अपर थाना अध्यक्ष शंभू सिंह ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। बदमाशों के संभावित ठिकानों पर पुलिस छापामारी करने में जुटी हुई है। घटना के उपरांत चकमेहसी पुलिस स्टेट बैंक कल्याणपुर की शाखा पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज को खंगाल परंतु रुपया निकासी के दौरान बैंक से चलने के बाद किसी भी तरह की संदिग्ध बदमाशों की पहचान नहीं हो पाई है।

# चुनावी बॉन्ड पर एसबीआई द्वारा समय मांगे जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राजद ने किया स्वागत

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**



चुनावी बॉन्ड पर एसबीआई द्वारा समय मांगे जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राजद ने स्वागत किया है और मोदी सरकार पर हमला किया है। चुनावी बॉन्ड की जानकारी मुहैया कराने के लिए एसबीआई को तीन महीने का समय नहीं दिए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को राजद विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने लोकतंत्र की जीत बताया है। राजद विधायक ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला पारदर्शिता, जवाबदेही, और लोकतंत्र में बराबरी के मौके की जीत है। यह मोदी सरकार के भ्रष्टाचार, घपलों और लेन-देन की कलई खुलने की ये पहली सीढ़ी है।

# मृतक पूर्व मुखिया के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे आलोक मेहता



**विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

बीते दिनों महम्मदपुर सकड़ा के पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन की खबर सुनते ही बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह उजियारपुर विधायक आलोक कुमार मेहता मृतक के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इसी क्रम में उन्होंने महथी उत्तर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजद नेता संतोष कुमार सिंह से मिलकर सांत्वना दिया। संतोष कुमार सिंह के पिता दीपक सिंह का निधन 8 मार्च को हो गया था। मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष राजेश्वर महतो, प्रदेश सचिव श्याम किशोर कुशवाहा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार, विभूतिपुर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव, प्रमुख पति दिलीप नारायण सिंह उर्फ पप्पू, जिला परिषद जितेंद्र राम, पूर्व मुखिया मोहम्मद रहमत, कुमार गौरव, डॉक्टर प्रमोद कुमार कुशवाहा, भासो सिंह, मोहम्मद जासींम, कांग्रेस नेता शेखर सिंह, अशोक सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

# खजौली स्टेशन पर जानकी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू

**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी खजौली स्टेशन से रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी. यात्रियों की बहुप्रतिक्षित मांग जानकी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव 11 मार्च से शुरू हो गया है. इस संबंध में विनय श्रीवास्तव, डीआरएम समस्तीपुर ने पत्र जारी किया है. निर्गत पत्र के अनुसार गाड़ी संख्या 15283 मनिहारी-जयनगर जानकी एक्सप्रेस जो खजौली स्टेशन पर 09.50 में पहुचेगी तथा जयनगर के लिए 09.52 में प्रस्थान करेगी. वहीं गाड़ी संख्या 15284 जयनगर-मनिहारी जानकी एक्सप्रेस जयनगर से खुलकर खजौली स्टेशन सुबह के 04.53 बजे पहुंचेगी एवं 04.55 बजे खजौली से मधुबनी के लिए प्रस्थान करेंगी. इस ट्रेन के ठहराव से करीब दो लाख से अधिक यात्रियों



को फायदा होगा. बतादें कि हाल ही रेलवे की ओर से खजौली स्टेशन पर स्टेशन स्थापना की शताब्दी समारोह मनाया गया था. जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह सहित अन्य नेताओं ने डीआरएम, समस्तीपुर के नाम जानकी एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव खजौली स्टेशन पर करने की मांग किया था. स्टेशन मास्टर जयशंकर चैधरी ने संबंधित पत्र पर पहल करते हुए मांग पत्र को अनुमोदित कर डीआरएम तक भेजा. जिनके पहल पर खजौली स्टेशन पर जानकी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव हुआ है. दिलीप कुमार ने डीआरएम एवं स्टेशन मास्टर को इस कार्य के लिए साधुवाद दिया है. इसके लिए स्थानीय लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है। हर्ष व्यक्त करने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व वर्तमान जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, विष्णु महासेठ, अमरेंद्र सिंह, शंकर सिंह, प्रभूनारायण सिंह, जदयू अध्यक्ष रामबाबू सिंह, शत्रुघ्न राउत, मुरारी चैधरी, राजद नेता वीरेंद्र प्रसाद यादव शामिल है. इन लोगों ने जयनगर से भागलपुर एक्सप्रेस, सुवह वाली जयनगर से पटना एक्सप्रेस की ठहराव खजौली स्टेशन पर करने का अनुरोध किया है।

# दो बच्चे की माँ को ससुराल वाले ने हत्या कर फंदे पर लटका दिया

**प्रात: किरण संवाददाता**

दरभंगा : कुशेश्वर स्थान थाना क्षेत्र के कछुआ गाँव में बीती रविवार को दो बच्चे की माँ को ससुराल बाले ने हत्या कर फंदे पर लटका दिया। मृतका कछुआ गांव के गौरी शंकर राय के पुत्र बैजनाथ राय की पत्नी मीनू देवी (25) हैं। उसके भाई भिण्डुआ निवासी ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि मेरी बहन के देवर लक्ष्मण कुमार राय ने मोबाइल फोन पर सूचना दिया कि आपकी बहन घर के बरेरी में दुपट्टा से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। आप जल्दी आइए। सूचना मिलते ही अपने कुछ ग्रामीणों के साथ कछुआ बहन के घर पहुंचे तो हमारी बहन अपने घर में फांसी के फंदे पर झूल रही थी और आस पड़ोस के कई महिलाएं तमाशबीन बनी घर में खड़ा थी। फांसी के फंदे पर झूल रही बहन को देखने से ऐसा नहीं लगता कि यह खुदकुशी का मामला है। क्योंकि बहन का घुठना घर में रखे पलंग से सटा हुआ था। ब्रजेश ने बताया कि पूछताछ.करने पर बहन की ननद समता कुमारी ने बताया कि आंगन में कोई नहीं था। कब फांसी लगाया यह नहीं मालूम। लेकिन काफी देर बाद आंगन आई तो भाभी को फांसी पर लटका हुआ देख इसकी सूचना मां और पिताजी को दिया। फिर भिण्डुआ में मोबाइल से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ससुराल वाले दहेज के रूप में मोटी राशि के मांग करने के लिए मेरी बहन के साथ बरावर मारपीट किया करते थे। मृतका के भाई को सूचना पर थाना के प्रशिक्षु दरोगा नर्मदेश्वर सहनी कछुआ गांव में पहुंचे और फांसी के फंदे पर लटका शव को बारीकी से जांच पड़ताल कर उसे अपने कब्जे में लेकर मामले का तहकीकात में जुट गया। जिला के बैठक में भाग ले रहे धानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह को प्रशिक्षु दरोगा ने घटना की सूचना दी। बैठक समाप्ति के बाद थानाध्यक्ष सिंह मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।।

# चुनावी बांड की पूरी जानकारी देने में टालमटोल बंद करने की मांग




**प्रात: किरण संवाददाता**

दरभंगा चुनावी बांड का विवरण अभिलंब देने चुनावी बांड की पूरी जानकारी देने में टालमटोल बंद करने जिन्होंने भी बाउंडखरीदा है तथा जिनके भी खाते में बाउंड का पैसा जमा हुआ है उन सभी का जानकारी प्रकाशित करने की मांग को लेकर सीपीएम केंद्रीय कमेटी के द्वारा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के आलोक में सीपीएम दरभंगा जिला कमेटी की ओर से लहेरिया सराय स्थित स्टेट बैंक मुख्य शाखा दरभंगा के सामने विरोध प्रदर्शन आयोजित की गई पोलो मैदान से इकट्ठा होकर आयुक्त कार्यालय समाहरणालय लहेरिया सराय टावर होते हुए स्टेट बैंक मुख्य शाखा पहुंचा और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया लगभग 3 घंटे के बाद लहरिया सराय थाना के पहल पर लहरिया सराय स्थित मुख्य ब्रांच के प्रबंधक से प्रतिनिधि मंडल से वार्ता हुई वार्ता के दौरान शाखा प्रबंधक ने मांग पत्र को मुंबई स्थित मुख्य प्रबंधक को भेजने का आश्वासन दिया वही सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य दिनेश झा की अध्यक्षता में सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य सह जिला सचिव श्याम भारती ने फ्कि चुनावी बांड के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक ठहराते हुए चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया है और उन्होंने निर्देश दिया है कि चुनावी बाउंड के माध्यम से किस-किस पार्टी के किन-किन व्यक्तियों के नाम पर रुपया लिया गया 6 मार्च तक उसका पूरा विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था मगर भाजपा सरकार के दबाव में स्टेट बैंक ने निश्चित तिथि पर कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया बल्कि 30 जून तक का समय की मांग कर चुनावी बांड में किए गए भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल रही है स्टेट बैंक द्वारा उच्च न्यायालय में किए गए याचिका पर आज सुनवाई हुई और उच्चतम न्यायालय ने समय देने से इनकार कर दिया और अभिलंब चुनाव आयोग को विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि चुनावी बाउंड राजनीतिक दलों को चंदा देने का वित्तीय जरिया है भारत का कोई भी नागरिक या कंपनी स्टेट बैंक के शाखा से चुनावी बांड खरीद सकता है और अपनी पसंद के राजनीतिक दलों को गुमनाम तरीके से चंदा दे सकता है इस योजना के तहत वर्ष 2019 में भाजपा सरकार ने चुनावी बांड योजना शुरू किया था ताकि राजनीतिक भ्रष्टाचार को बैध्य बनाया जा सके सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि 2019 के अप्रैल के बाद से खरीदे गए सभी चुनावी बांड के ब्यूरो उपलब्ध कराया जाए स्टेट बैंक का मनसा साफ नहीं है 30 जून का समय की मांग कर चुनाव से पहले विवरण उपलब्ध कराने से भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार उजागर होगी जिस चलते चुनाव से पूर्व सूची उपलब्ध कराने में आनाकानी कर रही है हमारी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की इस दौरान इसमें हुई भ्रष्टाचार की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हिसाब देने का निर्देश दिया मगर इस निर्णय की स्टेट बैंक द्वारा अवहेलना किया जा रहा है हम मांग करते हैं कि अभिलंब स्टेट बैंक द्वाराविवरण उपलब्ध कराया जाए अगर अभिलंब उपलब्ध नहीं कराया गया तो दरभंगा जिले के सभी ब्रांचो पर विरोध प्रदर्शन आयोजित की जाएगी सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप भगत ने कहा कि भाजपा नीति सरकार महंगाई बेरोजगारी और गरीबों के रोजी-रोटी पर हमला कर रही है

# पुलिस ने गुप्त सूचना पर 09 लीटर अंग्रेजी शराब किया बरामद, तश्कर फरार

**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला की ग्राम जगतपुर यादव टोल वार्ड नंबर 10 में शराब कारोबारी शराब रखकर खरीद बिक्री व डिलेवरी करने का कार्य कर रहा है सूचना की सत्यापन करने पहुंचे रहिका थाना पुलिस ग्राम नजीरपुर यादव टोल वार्ड नंबर 10 निवासी मनीष कुमार यादव पिता तेज नारायण यादव उर्फ तेजू यादव दोनों पिता पुत्र टाट एलिवेस्टर से बने नए घर में रख कर कटघारा दुकान की विधिवत तलाशी लिया गया तो कटघरा से अवैध विदेशी शराब मेक डॉल 375 टछ का 24 बोतल जिसकी कुल मात्रा 9 लीटर बरामद किया गया जबकि शराब कारोबारी पुलिस को देखते ही भागने में सफल रहा। इस संदर्भ में रहिका थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बरामद शराब की जप्ती सूची तैयार कर पिता पुत्र के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापे मारी जारी है जल्द ही पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर उपस्थित एस आई देव कुमार शर्मा साथ सिपाही जागेश्वर प्रसाद यादव, अशोक कुमार यादव, सुरेश कुमार सुमन के साथ अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# कचरी मुरही के दुकानदार से मारपीट कर लूटपाट, प्राथमिकी दर्ज

**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी रहिका थाना क्षेत्र के कपिलेश्वर स्थान निवासी राजकुमार साह ने एक आवेदन देकर अपने ही ग्रामीण राम साह के साथ अन्य तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा की दिनांक 06मार्च समय 05बजे शाम मेरे कचरी मुरही के दुकान कपिलेश्वर घाट पर लगाया था तो मेरे ग्रामीण राम साह और उनके परिवार के लोग लक्ष्मण साह, सरस्वती कुमारी, जानकी देवी ने एक राय होकर दुकान पर लगभग 500तक समान लिया पैसा मांगने पर सभी लोग मिलकर हमारे साथ एक मत होकर मारपीट करने लगा।राम साह बांस के बल्ला से मेरे सर पर वार किया तो सर छिपा लिए तो मेरे पैर पर लगा और वह टूट गया जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया गया। यह लोग मेरे गले से एक हनुमानी एवं जेब से 7000 छीन लिया। जिसको लेकर रहिका थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# भाजपा के नारी शक्ति वन्दन सह लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया

**प्रात: किरण संवाददाता**



कुशेश्वर, दरभंगा : भाजपा के नारी शक्ति वन्दन सह लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत शक्ति केन्द्र हिरणी गांव में मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर नारी शक्ति को संबोधित करते हुए मंडल श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में जो सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया वह आज तक किसी भी सरकार में नहीं मिली है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जाने वाले योजनाओं का विस्तार से जानकारी देते हुए मोदीजी के संदेश के रूप में पत्रक वितरण कर आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अपील किया। मौके पर प्रखंड महामंत्री बिरजू चौपाल मंडल उपाध्यक्ष मदन मोहन झा एडवोकेट प्रणय मिश्रा अजय सिंह शक्ति केन्द्र प्रमुख बिनोद झा शंकर चौधरी बुजमोहन चौधरी चन्दन चौधरी कप्पो मुखिया नुनु मुखिया मनोज मांझी कपिलदेव शर्मा सागर यादव रौशन महतो टिंकु कर्ण प्रवीण राय शिवनाथ शर्मा रामवृक्ष साह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## स्वयं सहायता समूह की सदस्य- नमो ड्रोन दीदियां भारत में कृषि नवाचार की पथ प्रदर्शक

भारत ने अपनी खाद्य प्रणाली को 1960 के दशक के मध्य में अत्यधिक कमी वाली प्रणाली से बदलकर अब आत्मनिर्भर और अधिशेष वाली प्रणाली में बदल दिया है। भारत की बढ़ती आबादी को खिलाना भविष्य में एक बड़ी चुनौती बनी रह सकती है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां भूमि, जल और वायु जैसे प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। भारत जहां ऐसी चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कृषि क्षेत्र तकनीकी प्रगति से प्रेरित एक परिवर्तनकारी यात्रा से गुजर रहा है। दूसरी चुनौती किसानों की आय बढ़ाने की है और इसके लिए उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसमें खेती में क्रांति लाने, इसे अधिक कुशल, लाभकारी और टिकाऊ बनाने की क्षमता है। खेती में लागत कम करने वाली और उत्पादकता बढ़ाने वाली कृषि मशीनीकरण से अक्-संचालित फसल निगरानी तक, डेटा-संचालित निर्णय लेना और फसल सलाहकार सेवाएं, खेती की दक्षता और उसकी स्थिरता को बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। वास्तव में, भारत का कृषि उद्योग एक बड़े तकनीकी परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी : भारतीय कृषि में बदलाव की संभावनाएं: भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन (UAVs) तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, भारत सरकार कृषि में ड्रोन के उपयोग को विशेष रूप से फसल मूल्यांकन, भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और कीटनाशकों तथा पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। इसके लिए इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सरकार ने निम्नलिखित प्रमुख कदम उठाए हैं: उदार ड्रोन नियम, 2021: ड्रोन के उपयोग के लिए नियमों को आसान बनाते हुए इन नियमों को 25 अगस्त, 2021 को अधिसूचित किया गया था। ड्रोन उद्योग में स्वदेशी विनिर्माण और विकास को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना। कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (SMAM) के दिशानिर्देश में संशोधन। कृषि मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थानों, क्ळअफसंस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को कृषि ड्रोन की लागत का 100 प्रतिशत या 10 लाख रुपये, जो भी कम हो, का अनुदान प्रदान किया जाता है। कस्टम हायरिंग सेंटर (CHCs) और हाई-टेक हब: मौजूदा CHCs ड्रोन खरीदने के लिए ड्रोन की मूल लागत का 40 प्रतिशत ( 4 लाख रुपये तक ) की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। किसानों की सहकारी समितियों, एफपीओ (FPOs) और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा स्थापित नए CHCs अपनी मशीनरी परियोजनाओं के हिस्से के रूप में ड्रोन को शामिल कर सकते हैं। ड्रोन आयात नीति दिनांक 09 फरवरी 2022 कंप्लीटली-बिल्ट-अप (CBU), सेमी-नॉक्ड-डाउन (SKD), या कंप्लीटली-नॉक्ड-डाउन (CKD) रूप में ड्रोन के आयात पर रोक लगाती है। जबकि पूरी तरह से असेंबल किए गए ड्रोन का आयात प्रतिबंधित है, ड्रोन घटकों के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। ड्रोन शक्ति पहल की घोषणा बजट 2022 के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य भारत में स्टार्ट-अप के माध्यम से ड्रोन को एक सेवा के रूप में बढ़ावा देना है। ड्रोन ( संशोधन ) नियम, 2022: 11 फरवरी, 2022 को ड्रोन पायलट लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया। नमो ड्रोन दीदी योजना प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा था, हम स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और ड्रोन की मरम्मत करने के लिए प्रशिक्षित करेंगे। सरकार हजारों महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) को ड्रोन प्रदान करेगी। तदनुसार, महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए एक नई केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी की परिकल्पना की गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी। योजना के उद्देश्य: खेतों की बेहतर दक्षता, बढ़ी हुई फसल उपज और संचालन की कम लागत के लिए कृषि क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना DAY–NRLM के तहत प्रचारित महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को ड्रोन सेवा प्रदाताओं के रूप में सशक्त बनाना, क्योंकि वे सामूहिक कामकाज के लिए प्रभावी जमीनी स्तर के संस्थान के रूप में उभरे हैं। DAY–NRLM के तहत प्रचारित महिला SHGs को उनकी आय बढ़ाने के लिए व्यवसाय के अवसर प्रदान करना। ग्रामीण रोजगार और वित्तीय समावेशन के अवसरों को बढ़ाना। नैनो-उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करना और कीटनाशकों तथा उर्वरकों के उपयोग को अनुकूलित करना।

## भारत में लागू हुआ समान नागरिक संहिता कानून



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारत ने समान नागरिक संहिता कानून सोमवार को अधिसूचित कर दिया है। कानून लागू होने पर तीन देशों के पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से भारत आए अल्पसंख्यक शरणार्थियों को नागरिकता मिलने की रास्ता साफ हो गया है। शरणार्थियों को नागरिकता देने का पूरा अधिकार केन्द्र सरकार के पास होगी। इस कानून के तहत बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 से पहले, आने वाले छह अल्पसंख्यकों (हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी) को भारत की नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है। समान नागरिक संहिता कानून के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए लांच किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इसका ड्राई रन संभवतः कर लिया है। इस पोर्टल के माध्यम से शरणार्थी अल्पसंख्यकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और सरकारी जांच पड़ताल होने के बाद इस कानून के तहत उन्हें नागरिकता दी जाएगी। इसके लिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए शरणार्थी अल्पसंख्यकों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2019 में अपने चुनावी घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की बात कही थी और 2020 में संसद द्वारा समान नागरिक संहिता पारित किया गया था। कतिपय कारणों से नियम बनाने में समय लगा और सोमवार ( 11मार्च,2024 ) को यह कानून लागू हो गया। इस कानून के लागू होने से वैसे शरणार्थियों को जो गैर मुस्लिम हैं उन्हें भी भारत की नागरिकता मिल सकेगी। बंगला देश से सटे असम और बंगाल में समान नागरिक संहिता कानून का विरोध किया जा रहा है और कई राज्य ने इसका विरोध भी किया है। देखा जाय तो दुनियाँ के अधिकांश देशों में नागरिक कानून सबके लिए समान है। भारत में वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग समान नागरिकता संहिता का पुरजोर विरोध करते रहे है। लेकिन किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश के लिए कानून, धर्म के आधार पर नहीं होनी चाहिए। यदि देश और राज्य धर्मनिरपेक्ष है, तो कानून धर्म पर आधारित कैसे हो सकता है? भारत में समान नागरिकता संहिता लागू करने से संबंधित कुछ राज्यों में सर्वोच्च न्यायालय और उच्य न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों की अध्यक्षता में समिति बनी थी, उसके समक्ष विभिन्न धर्मों के लोग अपने- अपने विचार रख रहे थे। केन्द्र सरकार हर प्रकार की लोकतांत्रिक चर्चा पूरा होने के बाद ही देश में समान नागरिक संहिता लाने के लिए प्रतिबद्ध थी। भारतीय संविधान में समान नागरिक संहिता का उल्लेख भाग 4 के अनुच्छेद 44 में है। इसमें नीति निर्देश दिया गया है कि समान नागरिक कानून लागू करना हमारा लक्ष्य होगा। डॉ भीम राव अंबेडकर भी इस संहिता के पक्षधर थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने 4 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की बैठक में समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दी थी, उसके बाद उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल रखा गया था। विधान सभा में 80 प्रतिशत सहमति के साथ प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इस प्रकार उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पास होने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया था। समान नागरिक संहिता लागू हो जाने पर विशेष रूप से अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं की स्थिति में व्यापक सुधार आयेगा। समान नागरिकता संहिता बन जाने के बाद उनके लिए अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार जताने और गोद लेने जैसे मामलों में एक समान नियम लागू हो सकेगा। समान नागरिक संहिता लागू होने से में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक सामान, एक बराबर कानून होगा। लगता है कि इसे लागू करने के उद्देश्य से ही पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता कानून लागू किया गया है। जहां तक मैं समझता हूं कि समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से राज्य में बहु विवाह पर रोक लगेगा, एक पति या पत्नी के जीवित रहते कोई नागरिक दूसरा विवाह नहीं कर सकेगा, लिव-इन में रहने वाली महिला को अगर उसका पुरूष साथी छोड़ देता है।

# किसानों के लिए सरकार की अहम पहल

गौरतलब है कि कृषि पर अबूधाबी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत ने जी-33 देशों के समूह, अफ्रीकी देशों और प्रशांत देशों के समूह की आवाज के साथ पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएचएस) के स्थायी समाधान को अंतिम रूप देने के लिए मजबूती से पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब डब्ल्यूटीओ को केवल निर्यातक देशों के व्यापारिक हितों तक ही अपना ध्यान सीमित नहीं रखना चाहिए, असली चिंता दुनिया के करोड़ों लोगों की खाद्य सुरक्षा और आजीविका की होनी चाहिए। वस्तुतः खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक भंडारण के लिए भारत सरकार गेहूं और चावल मोटे अनाज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की पहले से तय कीमत पर खरीदती है और फिर उन्हें गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये सस्ते दाम या मुफ्त में वितरित करती है। यह खाद्य सुरक्षा भूख से त्रस्त लाखों लोगों को भूख से बचाने का सरकार का नीतिगत तरीका है। यह भारत के द्वारा वर्ष 2030 तक देश में भूख व गरीबी मिटाने के लक्ष्य से जुड़ा मुद्दा भी है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में डब्ल्यूटीओ के नियमों के मुताबिक 1986-88 के मूल्यों को आधार मानते हुए उत्पादन मूल्य का 10 प्रतिशत से अधिक किसानों को सब्सिडी नहीं दी जा सकती है। भारत इसमें बदलाव चाहता है ताकि किसानों को अधिक सब्सिडी देने पर वैश्विक मंच पर उसका विरोध नहीं हो सके। अमरीका सहित कई विकसित राष्ट्र खाद्यान्न के लिए भारत में दिए जा रहे एमएसपी कार्यक्रम पर सवाल उठा रहे हैं, उनका कहना है कि इस पर दी जा रही सब्सिडी डब्ल्यूटीओ व्यापार नियमों के तहत स्वीकृत सीमा से करीब तिगुनी हो गई है।



डा. जयंतीलाल भंडारी-
(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)



एक ओर जब इन दिनों देश में किसानों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार के द्वारा किसानों के हित में उठाई गई दो महत्वपूर्ण पहलें दुनियाभर में रेखांकित हो रही हैं। एक, हाल ही में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी पहल की गई, जिसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाने में सक्षम है। दो, 24 फरवरी को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना लांच की है। यह प्रायोगिक परियोजना 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित कर रही है, जिनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। गौरतलब है कि कृषि पर अबूधाबी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत ने जी-33 देशों के समूह, अफ्रीकी देशों और प्रशांत देशों के समूह की आवाज के साथ पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएचएस) के स्थायी समाधान को अंतिम रूप देने के लिए मजबूती से पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब डब्ल्यूटीओ को केवल निर्यातक देशों के व्यापारिक हितों तक ही अपना ध्यान सीमित नहीं रखना चाहिए, असली चिंता दुनिया के करोड़ों लोगों की खाद्य सुरक्षा और आजीविका की होनी चाहिए। वस्तुतः खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक भंडारण के लिए भारत सरकार गेहूं और चावल मोटे अनाज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की पहले से तय कीमत पर खरीदती है और फिर उन्हें गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये सस्ते दाम या मुफ्त में वितरित करती है। यह खाद्य सुरक्षा भूख से त्रस्त लाखों लोगों को भूख से बचाने का सरकार का नीतिगत तरीका है। यह भारत के द्वारा वर्ष 2030 तक देश में भूख व गरीबी मिटाने के लक्ष्य से जुड़ा मुद्दा भी है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में डब्ल्यूटीओ के नियमों के मुताबिक 1986-88 के मूल्यों को आधार मानते हुए उत्पादन मूल्य का 10 प्रतिशत से अधिक किसानों को सब्सिडी नहीं दी जा सकती है। भारत इसमें बदलाव चाहता है ताकि किसानों को अधिक सब्सिडी देने पर वैश्विक मंच पर उसका विरोध नहीं हो सके। अमरीका सहित कई विकसित राष्ट्र खाद्यान्न के लिए भारत में दिए जा रहे एमएसपी कार्यक्रम पर सवाल उठा रहे हैं, उनका कहना है कि इस पर दी जा रही सब्सिडी डब्ल्यूटीओ व्यापार नियमों के तहत स्वीकृत सीमा से करीब तिगुनी हो गई है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2013 में बाली में हुए मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में सार्वजनिक भंडारण और खाद्य सुरक्षा को लेकर एक पीस क्लॉज पर हस्ताक्षर किए गए थे जिसके तहत अन्न भंडारण कार्यक्रम का स्थायी हल नहीं निकलने तक किसी भी देश के द्वारा अनाज की खरीददारी और उसे कम दाम पर लोगों को देने का विरोध नहीं किया जाएगा। भारत को आशंका है कि खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर रोक लगाई जाएगी तो इससे देश के करोड़ों लोगों की भूख, करोड़ों किसानों की आजीविका और भारतीय कृषि के भविष्य पर असर पड़ सकता है। इसी कारण भारत खाद्य सब्सिडी की सीमा तय करने का फॉर्मूला बदलने की मांग कर रहा है। निश्चित रूप से इस समय जब भारत 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं और भारत को कुपोषण की समस्या से ग्रसित देश के रूप में रेखांकित किया जा रहा है, तब भारत में खाद्य सुरक्षा, अधिक खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न भंडारण की जरूरत बनी हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में सरकार के सराहनीय प्रयास दिखाई भी दे रहे हैं। जहां सरकार डब्ल्यूटीओ सहित अन्य वैश्विक मंचों पर किसानों को अधिक समर्थन को न्यायसंगत बताती है, वहीं हाल ही में 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लांच की गई दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत अगले पांच साल में 1.25 लाख करोड़ रुपए की लागत से 700 लाख टन अनाज की भंडारण क्षमता के हजारों गोदाम बनाए जाएंगे। खास बात यह है कि अब कम्प्यूटरीकृत पैक्स को गोदाम तैयार करने, कस्टर हायरिंग सेंटर बनाने, उचित मूल्य की दुकानों की प्रक्रिया में तथा प्रसंस्करण इकाइयां तैयार करने जैसी बहुआयामी भूमिका में शामिल किया गया है। नई खाद्यान्न भंडार योजना वस्तुतः देश में भंडारण के बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नई विशाल भंडारण क्षमता के बाद किसान अपनी उपज को गोदामों में रखने, इसके बदले संस्थागत ऋण प्राप्त करने और बाजार मूल्य लाभकारी होने पर अपने खाद्यान्न को बेचने में सक्षम होंगे। नई खाद्यान्न भंडार योजना का मकसद देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना, भंडारण क्षमता में कमी के कारण किसानों को फसल पैदावार के मौसम में कम मूल्य पर की जाने वाली बिक्री से होने वाले नुकसान से बचाना भी है। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3200 लाख टन से भी अधिक है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। ऐसे में निश्चित रूप से तेजी से बढ़ता हुआ खाद्यान्न उत्पादन अब किसानों के परम्परागत खाद्यान्न भंडारों और सरकार की खाद्यान्न संग्रहण क्षमताओं को लांघते हुए चुनौतीपूर्ण बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में सरकार के विभिन्न कृषि योजनाओं के द्वारा छोटे किसानों और कृषि विकास को जिस तरह समर्थन मिला है, उससे कृषि उत्पादन लगातार बढ़ता गया है और खाद्यान्न भंडारण की आवश्यकता बढ़ती गई है। यद्यपि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में अभी भी बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमरीका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। चूंकि इस योजना के क्रियान्वयन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) अहम भूमिका होगी। अतः पैक्स तथा सरकार के बीच उपयुक्त तालमेल जरूरी होगा। देश में अभी करीब एक लाख पैक्स हैं। पैक्स की क्षमता में सुधार करना होगा। पैक्स के स्तर पर भंडार गृह, प्रसंस्करण इकाई आदि कृषि व्यवस्थाएं निर्मित करके पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाए जाने के लिए उच्च स्तर पर खाद्यान्न भंडारण में विविधता लाई जाना होगी। हम उम्मीद करें कि हाल ही में डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में जिस तरह भारत ने खाद्य सुरक्षा व एमएसपी का मुद्दा प्रभावी तरीके से उठाया है, उससे दुनिया के अन्य देशों का समर्थन बढ़ेगा और इसका स्थायी समाधान होगा। साथ ही सरकार के द्वारा हाल ही में लांच की गई सहकारी क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना किसानों की खुशहाली, देश के कृषि विकास व अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# दक्षिण भारत की रेलवे ऐतिहासिक यात्रा के स्वर्णिम पल

आज हम रेलवे की विकाश यात्रा में आज आपको दक्षिण भारत की तीन दिवसीय यात्रा के संस्मण से अवगत कराने की कोशिस कर रहे है। इस यात्रा के दौरान हमे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कई भव्य मंदिर को नजदीक से दर्शन करने का सौभाग्य मिला। दिल्ली से हैदराबाद हम सभी 10:35 पर पहुँच गए थें। दक्षिण मध्य रेलवे की सिकंदरा बाद नेलूर व तिरुपति विभागीय पदाधिकारों व हमारी नेशनल मीडिया टीम 9 सदस्य थे। हमारी यात्रा की दिल्ली मेट्रो नोएडा से प्रारम्भ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुनः-- एयर पोर्ट मेट्रो स्टेशन से टी 3 से पहुँच गए। तभी एक अपरिचित युवा जो की नजरें अचानक मिली कई अन्य सहयात्री अपनी -अपनी इस यात्रा को यादगार बनाने अपनी कार्य योजना व अपने सहयात्री से वातार्लाप मशगुल थी। मै स्वयं अपने मस्त रहने वाला भी कुछ चिन्तन मग्न थें। मैने अनुमान लगाया कि श्याद वह युवा भी मेरे इस यात्रा का मीडिया मित्र हो। इतने वह मेरे करीब आयाआ चुका था। मैंनें उससें परिचय जानने चाहिए तो उसने शालीनता पूवर्क हमें अपना परिचय देते हुए बताया कि मै शत्रुजंय कुमार सिंह सहायक निदेशक पी आई बी से हुँ-सर रेल मंत्रालय द्वारा तीन दिवसीय नेशनल मीडिया पार्टी यात्रा के विभाग से आया हुँ। हमारी इस यात्रा में नेशनल मीडिया टीम के कुल 9 सदस्यीय सदस्यों में कुछ चिर परिचित चहेरे।



विनोद तकियावाला
लेखक



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की अर्थ को सुदृढ़ करने में विश्व की अर्थ व्यवस्था भारतीय रेल की अहम भूमिका रही है। हमारे यहाँ एक जगह से दूसरी जगह यानि यातायात के साधन में भारतीय रेलवे की पहचान सम्पूर्ण विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय, सरल व सस्ता है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अमृत काल में एक विशेष रूप विकाश गाथा लिखनें के तत्पर है। भारतीय रेल की विकाश श्रंख्ला में अमृत रेलवे स्टेशन का पुनः निर्माण कार्य युद्ध स्तर चल रहा है। आज हम रेलवे की विकाश यात्रा में आज आपको दक्षिण भारत की तीन दिवसीय यात्रा के संस्मण से अवगत कराने की कोशिस कर रहे है। इस यात्रा के दौरान हमे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कई भव्य मंदिर को नजदीक से दर्शन करने का सौभाग्य मिला। दिल्ली से हैदराबाद हम सभी 10:35 पर पहुँच गए थें। दक्षिण मध्य रेलवे की सिकंदरा बाद नेलूर व तिरुपति विभागीय पदाधिकारों व हमारी नेशनल मीडिया टीम 9 सदस्य थे। हमारी यात्रा की दिल्ली मेट्रो नोएडा से प्रारम्भ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुनः-- एयर पोर्ट मेट्रो स्टेशन से टी 3 से पहुँच गए। तभी एक अपरिचित युवा जो की नजरें अचानक मिली कई अन्य सहयात्री अपनी -अपनी इस यात्रा को यादगार बनाने अपनी कार्य योजना व अपने सहयात्री से वातार्लाप मशगुल थी। मै स्वयं अपने मस्त रहने वाला भी कुछ चिन्तन मग्न थें। मैने अनुमान लगाया कि श्याद वह युवा भी मेरे इस यात्रा का मीडिया मित्र हो। इतने वह मेरे करीब आयाआ चुका था। मैंनें उससें परिचय जानने चाहिए तो उसने शालीनता पूवर्क हमें अपना परिचय देते हुए बताया कि मै शत्रुजंय कुमार सिंह सहायक निदेशक पी आई बी से हुँ-सर रेल मंत्रालय द्वारा तीन दिवसीय नेशनल मीडिया पार्टी यात्रा के विभाग से आया हुँ। हमारी इस यात्रा में नेशनल मीडिया टीम के कुल 9 सदस्यीय सदस्यों में कुछ चिर परिचित चहेरे, व कुछ अपरिचित सदस्यो जो बाद में यात्रा के दौरान एक दूसरे से आपस में धुल मिल गए। हैदराबाद में दक्षिण सेन्ट्रल रेलवे के अधिकारी पुर्व से हमारी टीम के स्वागत व व्यवस्था तैनात थे। इतने पी आई बी के अधिकारी शुत्रजंय कुमार सिंह नें रेलवे के अधिकारीयों से सम्पर्क करने के बाद हम सभी को सुचना दी कि- बाहर रेलवे के अधिकारी गण व कार आ गई। जिस से हम सभी हैदराबाद से सिकंदराबाद सड़क मार्ग से प्रस्थान करेगें। आप को स्पष्ट कर दूँ कि मेरे इस दक्षिण भारत की ऐतिहासिक यात्रा में मेरे सहयात्री के रूप में आकाशवाणी व दूरदर्शन से सेवा निवृत अधिकारी अजय चतुर्वेदी सर थें। अजय सर अपने आप में सहज, सरल स्वाभाव के साथ काफी ही अनुभवी व वरिष्ट पत्रकार भी है। फिलहाल में कई समाचार पत्र, ऐजन्सी व वेब साइट व पोटल में अपनी सेवामें दे रहे है। हैदराबाद से हम सभी सडक रास्ते सिंकदराबाद कार से पहुंचे। डी एम आर के नेतृत्व में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर प्रोजेक्ट टीम के नेतृत्व में कार्य स्थल पर पहुँचकर निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का हमारी टीम रुबरू हुए इस दौरान स्थानीय अधिकारियों नें प्रोजेक्ट की बारीक व परेशानीयो व मीडिया मित्रों के प्रशनों व जिज्ञासा उत्तर दिया। आज हमारी यात्रा का प्रथम दिन है। रेलवे के अधिकारीयों की टीम के द्वारा हमलोग के लिए सिकंदाबाद शहर स्थित रेलवे अधिकारी विश्राम गृह में प्रबन्ध किया गया है।

येें अधिकारी हमारी मीडिया मित्रों मेंअहिन्दी भाषी होते हुए भी शीघ्र ही धुल मिल गए। प्रधान पी आर अधिकारी द्वारा हमें आज के कार्यक्रम से सम्बधित जानकारी दे दी गई। गेस्ट हाउस में आवश्यक नित्य कर्म से निवृत्त होकर अधिकारी विश्राम गृह में दक्षिण भारतीय की सुस्वादिष्ट दोपहर के भोजन का लुप्त उठाया !जब मैने अपने स्वाभावानुसर अपने मीडिया मित्रों व सहयात्री से दक्षिण भारतीय व्यंजनों पर प्रतिक्रिया जानने चाही तो मुझे लगभग सभी सदस्यो एक स्वर जबाब भोजन स्वादिष्ट है लेकिन मिर्च-मशाला है। अभी हम लोग आपस में हल्की फुलकी हँसी मजाक का मूड़ बना ही रहे थें तभी डी एम आर का संदेश रेलवे के हेड पी आर नें बताया कि सर डी एम आर सर आप सभी से मिलना चाहते है। हम कुछ बोलते इसके पहले रेलवें अधिकारियों टीम के सदस्य नें डी एम आर आफिस बगल में ही वहाँ सें तीन निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन के कार्य का भी आप सभी का निरीक्षण का कार्यक्रम है। डी एम आर कार्यालय में अनिल कुमार जैन से औपचारिक भेट के दौरान पुनः निमार्णाधीन सिकंदराबाद रेलवें स्टेशन के विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। बातचीत के दौरान हमें पता चला डी एम आर सहारण पुर के निवासी है। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का निर्माण सन 1874 में अंग्रेजों के द्वारा किया गया था। तब से इस रेलवे स्टेशन को विस्तृत विकाश निर्माण कार्य नही किया गया। तेलंगाना राज्य की राजधानी व निजामों के शहर हैदराबाद।

# अनास्था की सदी में खाटू आस्था का मेला

निमिषा सिंह-

वीर प्रसूता राजस्थान की माटी ने यूं तो अपने आंचल में उत्कृष्ट शोर्य परंपरा से जुड़ी अनेको गौरव गाथाओं को समेटा हुआ है किंतु राजस्थान का जिक्र हो और आस्था के प्रमुख केन्द्र खाटू की बात न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। विशेषकर मुझ जैसे लाखों भक्तों के लिए जिनका मानना है कि खाटू में विराजमान बाबा श्याम से अगर एक बार कुछ मांगा तो वो लाखों करोड़ों बार देते है और देते ही रहते हैं। यही कारण है कि हम भक्त उन्हें लखदातार के नाम से भी पुकारते है। राजस्थान के शेखावाटी के सीकर जिले में स्थित है परमधाम खाटू। यहाँ विराजित हैं भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार खाटू श्यामजी। इस मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां देवता के केवल सिर की पूजा होती है। यहां की मूर्ति का कोई धड़ नहीं है। धड़विहीन मूर्ति बाबा श्याम की है जिनकी कहानी महाभारत और स्कंद पुराण से संबंधित है। श्याम बाबा की महिमा का बखान करने वाले भक्त राजस्थान या भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने में मौजूद है। हर वर्ष फाल्गुन के महीने में यहां सबसे ज्यादा भीड़ होती है। फाल्गुन के महीने अर्थात मार्च में बाबा खाटू श्याम जी का लक्खी मेला लगता है साथ ही बाबा का जन्मदिन भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 2024 में बाबा श्याम का यह मेला 11 मार्च से प्रारंभ होगा और 21 मार्च तक इसका समापन होगा। बाबा खाटू श्याम का संबंध महाभारत काल से है। ये पांडुपुत्र भीम के पोते थे। ऐसा कहा जाता है कि खाटू श्याम की शक्तियों और क्षमता से खुश होकर श्री कृष्ण ने इन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजने का वरदान दे डाला था। वनवास के दौरान जब पांडव अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर घूम रहे थे तब भीम का सामना हिडिम्बा से हुआ। हिडिम्बा ने भीम से एक पुत्र घटोत्कच को जन्म दिया। इसी घटोत्कच और अहिलावती (मोरवी) के सबसे बड़े पुत्र हुए बर्बरीक। उनके अन्य भाई अंजनपर्व और मेघवर्ण का उल्लेख भी महाभारत में दिया गया है। इन सबों को वीरता और शक्तियों के लिए जाना जाता था। बर्बरीक को उनकी माता मोरवी ने यह सीख दी कि सदा ही पराजित पक्ष की तरफ से युद्ध करना और वे इसी सिद्धांत पर आजीवन अड़े रहे। जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध होना था तब बर्बरीक ने युद्ध देखने का निर्णय लिया। श्री कृष्ण ने जब उनसे पूछा कि वो युद्ध में किसकी तरफ हैं ?तब उन्होंने कहा था कि जो पक्ष हारेगा वो उसकी तरफ से लड़ेंगे। चूंकि श्री कृष्ण युद्ध का परिणाम जानते थे लिहाजा उन्हें आसंका थी कि बर्बरीक कहीं पांडवों के लिए खतरा ना बन जाए। ऐसे में कृष्ण जी ने बर्बरीक को रोकने के लिए उनसे दान की मांग की। दान में उन्होंने उनसे उनका शीश मांग लिया। दान में बर्बरीक ने उनको शीश तो दे दिया लेकिन आखिर तक उन्होंने अपनी आंखों से युद्ध देखने की इच्छा जाहिर की। श्री कृष्ण ने इच्छा स्वीकार करते हुए उनका सिर युद्ध स्थान के निकट एक पहाड़ी पर रख दिया। युद्ध के बाद पांडव लड़ने लगे कि जीत का श्रेय किसको जाता है तब बर्बरीक कहते हैं कि श्री कृष्ण की वजह से आप सबों को जीत हासिल हुई है। श्री कृष्ण बर्बरीक के इस बलिदान से काफी खुश हुए और उन्हें कलियुग में श्याम के नाम से पूजे जाने का वरदान दे दिया। ऐसा कहा जाता है कि कलयुग की शुरूआत में राजस्थान के खाटू गांव में उनका सिर मिला था। कहते हैं ये अद्भुत घटना तब घटी जब वहां खड़ी गाय के थन से अपने आप दूध बहने लगा था। इस चमत्कारिक जगह पर खुदाई की गई को तो यहां खाटू श्याम जी का सिर मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो चालक ने बदला बयान, पुलिस ने अपहरणकर्ता को किया मुक्त

असरगंज (मुंगेर)। असरगंज थाना क्षेत्र के मासुमगंज बाजार से एक आटो चालक का अपहरण स्कार्पियो सवार 5 लोगों के द्वारा कर लिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही आटो चालक का स्वकुशल वापसी के लिए स्वजनों ने थानाध्यक्ष से गुहार लगाई। असरगंज थाना प्रभारी शिव अमित प्रकाश कौशिक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुलतानगंज आरपीएफ के सहयोग से सुलतानगंज से जमालपुर जा रही ट्रेन में सर्च अभियान चलाकर आटो चालक व अपहरणकर्ता को अपने कब्जें में लिया। तकनीकी जांच व पुछ- ताछ के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आटो चालक आपसी सहमति से स्कार्पियो सवार के साथ गया था। सारे तथ्यों के आधार पर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पुलिस हिरासत में लिये सभी को बांड भराकर मुक्त कर दिया गया हैं।

### ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार ना करें पुलिस : अवर निरीक्षक

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर थाना प्रांगण में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिया कि आप ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार न करे, आप लोग ग्रामीणों को अपने घर के लोग जैसे समझकर व्यवहार करे। थाना अध्यक्ष ने अपने पुलिस बल से कहा कि आपके उपर राज्य सरकार ने समाजिक जिम्मेदारी दी है। आप उसके निर्वाहन करने की हर संभव प्रयास करें। थाना क्षेत्र में लगें हुए सीसीटीवी कैमरे में आपके तमाम जानकारी सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो रही हैं अच्छे ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने की जिम्मेदारी आप को दी जा रही है।

### 9 मार्च से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा

मुंगेर। पोषण पखवाड़ा के तहत सोमवार को नगर भवन परिसर से जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त निखिल धनराज, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, डीपीओ आईसीडीएस सहित अन्य उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 9 मार्च से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों एवं 6 वर्ष से कम के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने की प्रयास किया जाएगा। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक देखभाल एवं शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही मोटे अनाज, ज्वार, बाजरा, रागी के खाने से होने वाले फायदे की जानकारी देगी। यह पोषण रथ पूरे मुंगेर के सभी परियोजनाओं मे पोषण पखवाड़ा के दौरान प्रचार-प्रचार करेगी।

### आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी हेतु मेरा पहला वोट देश के लिये

जमुई । जिला समाहरणालय के संवाद कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार 11 मार्च को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी हेतु ह्लमेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के सफल संचालन के आवश्यक तैयारियां की समीक्षा अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राकेश कुमार उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

एक शाम शहीदों के नाम : ए मेरे वतन के लोगों ,जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी...

# देश भक्ति गीत के माध्यम से अमर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

- बुद्धिजीवी सांस्कृतिक मंच जमालपुर की ओर से आयोजित हुआ एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम
- अमर शहीद के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नम हुई श्रोताओं की आंखें




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेरः बिहार प्रदेश बुद्धिजीवी सांस्कृतिक मंच की ओर से उत्सव भवन जमालपुर में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीद जवान को संगीत के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। देश भक्ति गीतों भरी शाम एवं शहादत सम्मान समारोह में जहां शहर के नामचीन कलाकार हिमांशु शेखर ने कब्र पर सोए हुए शहीदों को जागते हुए देशभक्ति गीत धीरे चल जरा ओ पागल पुरवइया ..., व संदेशे आते हैं .... प्रस्तुत किया तो उत्सव भवन में बैठे अतिथि श्रोताओं का आंखें नम हो गई। वही पूजा राज ने ए मेरे वतन के लोगों, जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी... गीत की प्रस्तुति ने तो को पूरी तरह गमगीन कर दिया। इसके बाद कलाकार गोपाल, आर्यन, अनामिका, अभिजीत आनंद, अमित ने भी अपने सुरीले अंदाज से एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति कर शहीदों को नमन किया। वही रंगकमी वीरेंद्र कुमार सिंह की टीम ने देश भक्ति नाटक का मंचन कर शहीदों को याद किया।इधर कार्यक्रम आयोजन के पूर्व बीडीओ मनोज कुमार सिंह, पूर्व सीआईटी आरके मंडल, मोहम्मद इशा चंचल, मोहित कुमार, महेश अंजना, उमाकांत मंडल, देवकी मंडल सहित कई ने अतिथि ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन सहित नामचीन हस्तियां को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर डीएसपी ने कहां की शहीदों के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम आयोजन से वास्तव में हम देश पर कुर्बान होने वाले सच्चे सपूत को सच्चे मन से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है।

मौके पर प्राचार्य देवराज सुमन, प्राचार्य चंदन माइकल, रश्मि राज माइकल, रंग कमी अवध सिंह, कवि अंजनी सुमन, ऋतुराज बसंत, सनी राय, रेलकर्मी शैलेंद्र कुमार, कपिल देव मंडल, कलाकार मनोज सिंह, शिक्षक राकेश कुमार सिंह, कौशल पाठक, भानु प्रताप पाठक, इंद्रदेव दास सहित कई मौजूद थे।

# लोक अदालत में 1271 वादों का किया गया निष्पादन

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर। सिविल कोर्ट प्रांगण स्थिति एडीआर भवन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार डालस सचिव मुक्तेश मनोहर आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बैंकिंग बीमा वाद, वन वाद सुलाहनीये आपराधिक मामले व दीवानी वाद राजस्व वाद सेवा संबंधित मामले पेंशन मामले वैवाहिक मामले मोटर यान दुर्घटना मुकदमा विद्युत वार्ड पानी विपत्र से संबंधित विवाद दूरभाष श्रम, खनन एवं मजदूरी से संबंधित वाद मामले का समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया। इसके लिए 10 पीठ का गठन किया गया तथा मामले की सुनवाई पीठों के माध्यम से की गई।इस मौके पर एसपी सैयद इमरान मसूद विधिज्ञ संघ अध्यक्ष मनोज कुमार अरुण सचिव अमित कुमार सिंहा आदि मौजूद थे। इन पीठों के माध्यम से वादों की सुनवाई की गई। उसमें अरविंद कुमार शर्मा प्रबल दत्ता रूम्पा कुमारी लाल बिहारी पासवान कुमार पंकज अनूप कुमार उपाध्याय कविता अग्रहरी प्रज्ञा मानस रत्नेश द्विवेदी शिखा कुमारी आदि शामिल थी। इस दौरान करीब 1584 मुकदमों की सुनवाई की गई इसमें से 1271 मुकदमों का निष्पादन किया गया इसके साथ ही 03 करोड़ 16 लाख 03 हजार 12 रुपए का समझौता किया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल नवयुवकों के इलाज हेतु लोगों ने किया भिक्षाटन

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। हाल मे ही लखीसराय सड़क दुर्घटना में मारे गए जमालपुर के आठ नवयुवकों को श्रद्धांजलि देते हुए पांच घायलों नवयुवक की स्थिति नाजुक के इलाज व परिवार को आर्थिक सहयोग के लिए भिक्षाटन कार्यक्रम का शुरूआत सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल के नेतृत्व में किया गया। जहांगीर बस्ती से सैकड़ो की संख्या में शोकाकुल परिजन के साथ बच्चे बूढ़े नौजवान भिक्षाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिंदगी मौत से अस्पताल में जूझ रहे घायलों के बेहतर इलाज के लिए किये जा रहे भिक्षाटन के बारे में सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल ने बताया कि शासन प्रशासन दुर्घटना में मारे गए लोगों को आर्थिक सहयोग दिलाने को लेकर प्रयास रत है, पर जो बेहतर इलाज के लिए जद्दोजहद कर रहा है उसका सहयोग करना मानवता का धर्म है. इसलिए शहर वासियों से अपील है कि घायल युवक को जीवन दान के लिए घर-घर से आर्थिक सहयोग मदद कर पुण्य के भागी बने। इधर घायल युवक के लिए किये जा रहे भिक्षाटन कार्यक्रम को बढ़ावा शहर वासियों ने देते हुए जमकर आर्थिक सहयोग किया।

# अतिक्रमणकारियों के चंगुल में रानी प्रभावती उच्च विद्यालय का खेल मैदान



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रानी प्रभावती उच्च विद्यालय का खेल मैदान दिन प्रतिदिन अतिक्रमणकारियों के चंगुल में जकड़ता जा रहा है। 25-30 साल पहले तक यह मैदान काफी विस्तृत हुआ करता था। अक्सर इस मैदान पर टूनामेंट का आयोजन होता था। लेकिन समय के साथ यह अतिक्रमण का शिकार होता चला गया। अब तो यह मैदान बच्चों के खेलने लायक तक भी नहीं रह गया है। मैदान को चारों ओर से मैदान के आसपास के लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया हैं। बताते चलें कि रानी प्रभावती उच्च विद्यालय के मैदान और विद्यालय के बीच से सड़क गुजरती है करीब 25 वर्ष पूर्व विद्यालय भवन की घेराबंदी के बाद मैदान को खुला छोड़ दिया गया था। इसकी चौहद्दी के अनुसार मैदान के पूरब में विद्यालय की जमीन पर सड़क पश्चिम में नहर उत्तर में प्रदीप मंडल का घर तथा दक्षिण में सीताराम मंडल की जमीन है। लेकिन प्रशासनिक खामियों के कारण नहर के पास मैदान की जमीन पर ही सामुदायिक भवन सेडनुमा चबूतरा एवं आंगनबाड़ी केंद्र बनाकर मैदान के एक चौथाई भाग को अतिक्रमण कर दिया गया है। इसके साथ ही उत्तर एवं दक्षिण दिशा में स्थानीय लोग भी मैदान की जमीन को हड़प कर अतिक्रमण किए हुए हैं। मैदान के अतिक्रमण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा अंचलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का एवं मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने का गुहार लगाया है। ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 25 वर्षो से इस मैदान का अतिक्रमण किया जा रहा है इस संदर्भ में कई बार युवाओं एवं ग्रामीणों ने प्रशासन को आग्रह कर इस मैदान की ओर ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया परंतु कोई पहल इस पर नहीं हुआ। स्कूल के इस मैदान का पूरे भूमि का स्वामित्व पत्र विद्यालय में उपलब्ध है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में कहा है कि प्रखंड मुख्यालय का यह एकमात्र खेल मैदान है जिसे मैदान का अतिक्रमण किया जा रहा है। इस संदर्भ में कई बार ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया परंतु इस पर कोई खास असर देखने को नहीं मिला कुछ वर्ष पहले अंचल अधिकारी संग्रामपुर को आवेदन देकर विद्यालय की जमीन की नामी करवाया गया था। अंचलाधिकारी के द्वारा अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर नोटिस भी निर्गत हुआ परंतु अतिक्रमणकारी अपने करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं और लगातार क्रीड़ा मैदान को अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे युवाओं को किसी भी तैयारी में अपनी फिजिकल फीट करने के लिए मैदान छोटा पड़ रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी निशिथ नंदन ने कहा कि आवेदन कार्यालय में आया होगा हमने अभी नहीं देखा है।

# 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ को लेकर परसा में हुआ ध्वजारोहण

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 15 से 18 मार्च तक आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन वैदिक मंत्र के साथ तारापुर के परसा स्थित गांव में इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सह जिला प्रतिनिधि डॉक्टर अरुण कुमार पंडित ने कार्यक्रम को लेकर मुख्य जजमान सरवन मिस्त्री एवं शोभा देवी से देव पूजन करवाया। इस मौके पर कर्मकांड करते हुए उन्होंने कहा कि निष्कृति संस्कार को दूर करते हुए धरती माता एवं वातावरण को यज्ञ रूप में बनाने को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम कराया जाता है। भूमिपूजन कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजीव कुमार सिंह ने भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि सनातन धर्म एवं सामाजिक समरसता में गायत्री परिवार की अहम भूमिका है। यज्ञ करने एवं कराने से आसपास के क्षेत्र का वातावरण एवं पर्यावरण शुद्ध होता है। ध्वजारोहण के मौके पर पंकज कुमार मंडल सहित प्रेरक ने संगीत की प्रस्तुति दिया। वहीं दूसरी ओर गायत्री परिवार सुनीता देवी जमालपुर के टीम के द्वारा स्वागत गान धर्म की ध्वजा जीत पर एक्शन सॉन्ग प्रस्तुत करते ही ध्वजारोहण के मौके पर मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में झूमने पर मजबूर हो उठे। इस मौके पर जिले के युवा प्रतिनिधि संजीव कुमार यज्ञ के संयोजक शोभा देवी एवं शंकर कुमार रामचरित्र मंडल विद्याचरण सिंह विपिन कुमार साहा विदेशी सिंह अवधेश कुमार रामचरित्र मंडल गोपाल यादव विक्रम सिंह पुष्पलता देवी मीरा देवी किरण देवी आदि सैकड़ो गायत्री परिवार से जुड़े लोग मौजूद थे।

### मोतिहारी में हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मोतिहारी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा मोतिहारी में फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम में आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में आज विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। आम लोगों ने इस प्रदर्शनी स्थल पर लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहे ह्लमेरा पहला वोट देश के लिएह्व अभियान के तहत पहली बार वोट करने वालों के लिया वीडियो के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

# हवेली खड़गपुर में अवैध शराब का धंधा जोरों पर

- पुलिस ने 100 लीटर अवैध शराब किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर पुलिस ने गत रविवार को छापामारी कर राजगंज के राजेश शाह के घर से महुआ का लगभग 100 लीटर शराब बरामद किया है पुलिस को आते देख। परिवार सहित फरार हो गया। थाना अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के राजगंज में राजेश शाह के घर पर से अवैध देसी महुआ शराब बेचता जाता है। जिसको लेकर छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान राजेश शाह के घर से प्लास्टिक के बोरा में 88 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत राजेश शाह पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा की दृष्टि कोन से रविवार को हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित एवं सुदूर जंगली पहाड़ी क्षेत्रों में पुलिस प्रशिक्षण डीएसपी विकास कुमार एवं ऑफिसर कमांडिंग 710 डीएसएसबी बटालियन हवेली खड़गपुर की ओर से संयुक्त स्वरूप से सर्च अभियान चलाया गया। जहां 50 लीटर अवैध देसी महुआ शराब 100 किलोग्राम गुड बरामद किया गया साथ ही 14 लीटर अर्ध निर्मित देसी महुआ शराब बरामद करने के साथ ही एक शराब की भट्टी ध्वस्त किया गया।

# रतनपुर के सुंदरम ने घर से भाग कर रचाई शादी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- थाना क्षेत्र के रतनपुर पंचायत के रतनपुर गांव के रहने वाले एक प्रेमी जोड़ा ने घर से भाग कर मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद प्रेमी जोड़े ने परिवार वालों के भय से बचने के लिए जमुई टाउन थाना में शरण ले ली। हालांकि बाद में जमुई पुलिस ने मामला गिद्धौर थाना क्षेत्र का होने के कारण प्रेमी जोड़े को गिद्धौर पुलिस के हवाले कर दिया।गिद्धौर पुलिस के द्वारा दोनों परिजनों को मामले की जानकारी दी गई।रतनपुर निवासी प्रेमी सुंदरम कुमार ने बताया की दोनों एक ही गाँव के निवासी हैं और स्कूल में एक साथ दोनो पढ़ते थे। स्कूल जाने के दौरान ही हम दोनों के बीच प्यार हुआ गया और 5 साल से एक दूसरे से प्यार करते हैं। सुंदरम ने बताया कि जमुई के सुग्गी के शिव पार्वती मंदिर में रविवार की रात हम दोनों शादी किये हैं।वहीं सुंदरम ने बताया कि शादी की जानकारी हमने अपने माता-पिता को नहीं दियेहम दोनों ने कसम खाई है कि जीवन भर साथ रहेंगे और साथ मरेंगे अगर हमारे माता-पिता नहीं रखेंगे तो नौकरी करेंगे और दोनों साथ रहेंगे। सबसे बड़ी बात सुंदरम ने यह बताया के दोनों अलग-अलग जाति के हैं।जिसके कारण शादी में समस्या आ रही थी।इसलिए भाग कर शादी कर ली।इसी डर को लेकर जमुई थाना पुलिस के पास पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई।वही प्रेमिका काजल कुमारी कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।वही प्रेमी सुंदरम कुमार 21वर्ष के हैं और उनके पिता अमरेश कुमार सिंह उत्क्रमित मध्य विद्यायल रतनपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत है।वहीं प्रेमिका काजल कुमारी भी 21 वर्ष की है और पिता कृष्ण मोहन दुबे गिद्धौर थाना क्षेत्र के रतनपुर के गाँव के है। गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया की जमुई थाना से सूचना मिली कि एक लड़का और एक लड़की शादी कर लिया है।दोनों गिद्धौर थाने के रतनपुर गांव का बताया जाता है।सूचना पर दोनों को गिद्धौर थाना लाया गया दोनों बालिक है दोनों के माता-पिता को सूचना दे दिया गया है।इधर सूचना के बाद दोनों के माता पिता गिद्धौर थाना पहुंच गए। वहीं लड़की के पिता इस शादी को मानने से इनकार कर रहे हैं लेकिन लड़के के पिता अमरेश सिंह दोनों को अपनाने को तैयार है।वहीं ग्रामीणों की माने तो बुधवार को देवघर में काजल की शादी को लेकर लड़की देखने की तैयारी चल रही थी जिसकी भनक काजल को लगते ही गांव के रत्नेश्वर धाम मंदिर में जागरण देखने के दौरान दोनों लड़का-लड़की घर से भाग कर शादी कर लिया।

### गोरखपुर में हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन

भारत को हिन्दू राष्ट्र कैसे घोषित किया जाए इस पर विचार मंथन एवं कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन गोरखपुर में तारा मण्डल स्थित रजवाड़ा सभागृह मे किया गया` अधिवेशन का शुभारंभ शंखनाद, दीपप्रज्वलन एवं वेदमंत्रपठन से हुआ। हिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्गुरु निलेश सिंगबालजी ने कहा कि श्रीराम मंदिर मे मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा यह सूक्ष्म स्तर पर हिन्दू राष्ट्र स्थापना का आरंभ है छद्म धर्मनिरपेक्षता के नामपर गत 70 वर्ष हिंदुओं का हो रहा दमन अब हिन्दू पहचान रहा है तथा हिन्दू राष्ट्र की मांग बढ़ रही है संवैधानिक व्यवस्था में लोकेच्छा को अर्थात बहुमत को प्रधानता होती है तथा उसके अनुसार लोगों के लिए अभिप्रेत राजतंत्र बनाने का प्रावधान होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 बी' में ऐसा प्रावधान है; इसलिए केंद्र सरकार संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की दृढ इच्छाशक्ति दिखाएं।

# जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में बैठक आहूत

जमुई संवाददाता




जिलाधिकारी राकेश कुमार तथा पुलिस अधीक्षक डा० शौर्य सुमन के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिले स्तर पर समाज के डिस्सएडवांटेज सैक्शन और इनटरेक्शन के कार्यक्रम की तैयारीयों के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अन्य को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को नियमानुकूल ससमय निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ' बैठक में सङ्क विङ्क सङ्क झाझा दामोदर रावत, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, सिविल सर्जन जमुई, जिला कल्याण पदाधिकारी जमुई, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, स्थानीय नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक तथा अन्य जिला स्तर पर पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक परित्यक्त या तलाकशुदा महिला को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकारी सहायता

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यकता या तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह योजना वर्ष 2006- 07 से की जा रही हैइस योजना के तहत प्रत्येक परित्यक्ता तलाकशुदा महिला को एक मुस्त 25000 रुपए दिया जाता है ऐसी अल्पसंख्यक मुस्लिम महिला जिनकी शादी पूर्व में हो चुकी है परंतु उनके पति द्वारा 2 वर्ष या उससे अधिक अवधि से परित्याग कर दिया गया हो तथा उनके जीवन यापन की कोई व्यवस्था उनके पति द्वारा नहीं किया जा रहा हो अथवा मानसिक अपंगता के कारण पति अपने परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हो ऐसी महिला को योजना अंतर्गत परित्यकता महिला समझी जाएगी ऐसे अल्पसंख्यक मुस्लिम महिला जिसे पति द्वारा तलाक दे दिया गया हो अथवा उनके जीवन यापन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो ऐसी महिला तलाकशुदा समझी जाएगी इस योजना में विधवा महिला पात्र नहीं होगी आवेदिका की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होने चाहिऐ मुस्लिम प्रतियोगिता तलाकशुदा महिलाएं अपना आवेदन जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय जमुई या अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में भी जमा कर सकती है प्रपत्र में आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता ,मोबाइल नंबर, परित्यक्ता या तलाकशुदा होने का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र 4 लाख से कम साथ ही साथ आवेदक का फोटो आवेदन पत्र होना चाहिऐ यह आवेदन पत्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय जमुई अथवा डब्ल्यू डब्ल्यू माइनोटरी वेलफेयर बिहार निक वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

# हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो/जमुई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, मुंगेर द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर आयोजित 3 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन भी प्रदर्शनी देखने वालों की काफी भीड़ उमड़ी। दूसरे दिन के कार्यक्रम में चित्रांकन प्रतियोगिता एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चित्रांकन प्रतियोगिता एवं कबड्डी प्रतियोगिता में आदर्श मध्य विद्यालय एवं कस्तूरबा विद्यालय, सोनो, जमुई के छात्र/छात्राओ ने भाग लिया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के दौरान विभागीय पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो, मुंगेर के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सुदर्शन किशोर झा ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाना चाहिए, ताकी भारत सरकार के फोटो प्रदर्शनी जागरूकता कार्यक्रम सफल हो सके।उन्होंने सभी से प्रदर्शनी देखने एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकरी हासिल करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि चित्रांकन प्रतियोगिता एवं कबड्डी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी को कार्यक्रम के तीसरे दिन मंचासीन अतिथि के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित कर के कार्यक्रम की समापन की जाएगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के आदर्श कुमार राकेश कुमार एवं संतोष कुमार यादव का सराहनीय प्रयास रहा।

# फरकिया का सर्वांगीण विकास एवं शराब निर्माण खरीद बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले 12 मार्च को अलौली रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन सभा की सफलता हेतु रामपुर अलौली, आनंदपुर मारन, परास गोला, श्यामघरारी, सिसवा, बिंद टोली, धुसमुरी बिशनपुर में जनसंपर्क व जागरूकता अभियान चलाया गया तथा प्रदर्शन सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि अलौली गढ़ कोसी नदी पर पूल निर्माण करने एवं खगड़िया से अलौली तक ट्रेन चालू होने से फरकिया का बहुमुखी विकास व फरकिया वासियों के हक हकूक अधिकार को लेकर उक्त आंदोलन मील का पत्थर साबित होगा तथा पीढ़ी एवं क्षेत्र का स्वर्णिम भविष्य निर्माण होगा। सरकार प्रशासन अकबर राजा टोडरमल की तरह फरकिया को फरक करना बंद करे। श्री यादव ने कहा कि श्यामघरारी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण करने में अनावश्यक गैर लोगों के द्वारा अनाधिकृत रूप से सरकारी कार्य में व्यवधान पैदा की जा रही है। जमीनदाता बौधू मंडल द्वारा दी गई राज्यपाल के नाम के जमीन पर भवन निर्माण की शुरूआत ठेकेदारों द्वारा करने पर अन्य लोगों द्वारा गलत दावा कर जबरन रोक लगा दी गई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि सरकारी स्तर पर जमीन का सीमांकन हो चुकी है। सीओ बीडीओ डीएम जल्द संज्ञान लेकर हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त किया जाय। जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान में फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के सचिव लालमणि सदा ने कहा कि आम जनता अपनी अधिकार को लेकर गोलबंद हो रही है जो फरकिया के सर्वांगीण विकास को लेकर शुभ संकेत है। श्यामघरारी के मुखिया दशरथ चौधरी, गोहर यादव बटोरन शाह तुलसी सदा चमरूद रजक राजवंशी चौधरी भागवत सदा राजगीर सदा जानू सदा अमित यादव मोदी यादव सुरती लाल यादव सुदामा पासवान धोनी लाल पासवान विजय पासवान अजय पासवान शोभा चौधरी नरेश पासवान मनोज शंकर नगर रुदल अशोक महादेव सुलेखा देवी सरस्वती देवी चांदनी देवी शिरोमणि देवी संगीता देवी अमला देवी राम परी देवी रंजीता देवी रासो देवी बनारसी देवी सुरति देवी रंजू देवी गीता देवी अमला देवी दुलारी देवी आदि ने फरकिया एवं अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल करने हेतु आंदोलन में अधिक संख्या में भाग लेने का संकल्प लिया।



# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को 3 विकेट से हराया

## 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में किया क्लीन स्वीप, एलेक्स कैरी 98 रन पर नाबाद

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को क्राइस्टचर्च टेस्ट में 3 विकेट से हराकर दो टेस्ट मैचों सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। हैग्ले ओवल मैदान पर चौथे दिन कंगारू टीम को जीत के लिए 202 रन की जरूरत थी। उसके हाथ में 6 विकेट बचे हुए थे। ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी की 98 रनों की नाबाद पारी के दम पर 3 विकेट शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन बना लिए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे।




### ऑस्ट्रेलिया टीम डब्ल्यटीसी पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची

ऑस्ट्रेलिया अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में अब तक कुल 12 मुकाबले खेले, 8 में जीत मिली और महज 3 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। जबकि एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। ऑस्ट्रेलिया के 62.50त्न पॉइंट्स हो गए हैं, टीम दूसरे नंबर पर है। भारत पहले और न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है।

### मिचेल मार्श ने हेड और कैरी के साथ साझेदारी कर पारी को संभाला

चौथे दिन कंगारु टीम ने 77 रन से आगे खेलते हुए 80 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवा दिया। ट्रेविस हेड 43 गेंदों का सामना कर 18 रन बनाए। हालांकि, हेड ने मिचेल मार्श के साथ पांचवें विकेट के लिए 66 गेंदों पर 46 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभालने में मदद की। उसके बाद छठे विकेट लिए मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी के बीच 174 गेंदों पर 140 रन की साझेदारी हुई। मार्श ने 102 गेंदों पर 80 रन बनाए। मार्श 220 के टीम स्कोर पर आउट हो गए। इस स्कोर मिचेल स्टार्क भी बिना खाता खोले आउट हो गए और ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने 34 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे

279 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने मैच के तीसरे दिन 15 रन के स्कोर पर ओपनर स्टीव स्मिथ का विकेट गंवा दिया। स्मिथ 9 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद उस्मान ख्वाजा 11, मार्नस लाबुशेन 6 और कैमरन ग्रीन 5 रन बनाकर आउट हो गए।

कंगारू टीम ने 34 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए। बेन सीयर्स और मैट हेनरी को 2-2 विकेट मिले। यहां से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श ने ऑस्ट्रेलिया को संभाल लिया। हेड 17 और मार्श 27 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

### ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी में लाबुशेन की फिफ्टी

न्यूजीलैंड को पहली पारी में जल्दी ऑलआउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी शुरू की। टीम ने मार्नस लाबुशेन के 90 रन की बदौलत 256 रन बनाए और पहली पारी में 96 रन की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया से लाबुशेन के अलावा कोई और बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका।न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 7 विकेट लिए। उन्होंने 23 ओवर में महज 67 रन दिए। कप्तान टिम साउदी, बेन सीयर्स और ग्लेन फिलिप्स को 1-1 सफलता मिली।

### पैट कमिंस और कैरी ने आठवें के लिए 61 रन की साझेदारी की

पैट कमिंस और एलेक्स कैरी के बीच आठवें विकेट के लिए 64 गेंदों पर 61 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। इसके बाद कैरी ने पैट कमिंस के लिए आठवें विकेट के लिए 64 गेंदों पर 61 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। एलेक्स कैरी ने 123 गेंदों पर नाबाद 98 रन और पैट कमिंस ने 44 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए।

## संक्षिप्त समाचार

भारत के पूर्व बल्लेबाज ने दिया बयान

### धोनी के रिटायर होने पर रोहित सीएसके की कप्तानी करें

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने कहा कि वह रोहित शर्मा को 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में जाते देखना पसंद करेंगे और चाहते हैं कि एमएस धोनी के रिटायर होने पर भारतीय कप्तान




फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करें। रोहित 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व नहीं करेंगे क्योंकि 5 बार के चैंपियन ने हार्दिक पांड्या को फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया है। रायुडू ने कहा, रोहित अगले 5-6 साल तक खेल सकते हैं। मैं उन्हें निकट भविष्य में सीएसके के लिए खेलते देखना चाहता हूं। अगर उन्हें कप्तानी करनी है तो वह दुनिया में कहीं भी कर सकते हैं। मैं उन्हें 2025 में सीएसके के लिए खेलते हुए देखना चाहता हूं।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन युगल खिताब जीता

**पेरिस (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता।



दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता। भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

### अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय शतरंज संघ के 2024 से 2027 के कार्यकाल के लिए नवीन पदाधिकारियों के चुनाव का परिणाम आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति रंग नाथ पांडे और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एसएस सिस्तानी नें घोषित कर दिये है । अखिल भारतीय शतरंज संघ के चुनाव का निर्विरोध होना पहले से ही तय हो गया था जब नाम वापसी के लिए 4 मार्च के दिन 15 पदो के लिए सिर्फ 15 नाम ही बचे हुए थे ।

मैक्कुलम ने स्वीकारा

# भारत ने बैजबॉल की पोल खोली

### इंग्लिश कोच बोले- जैसे-जैसे सीरीज बढ़ती गई, हम और अधिक डरपोक होते गए

**लंदन (एजेंसी)।** भारत से 5 टेस्ट की सीरीज हारने के बाद इंग्लिश कोच ब्रेंडन मैक्कुलम स्वीकार किया है कि भारत ने इंग्लैंड की बैजबॉल शैली की पोल खोलकर रख दी है।



इंग्लिश कोच ने सीरीज के बाद द टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा कि भारत ने इंग्लैंड में खामियां उजागर कीं, जिससे उन्हें डरपोक क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। वे कहते हैं कि 4-1 से हार के बाद सुधार और कुछ कठिन बातचीत एजेंडे में होंगी।भारत ने सीरीज का आखिरी टेस्ट पारी और 64 रन से जीता। टीम इंडिया ने 5 मैच की सीरीज 4-1 से अपने नाम की।

### इंग्लिश कोच बोले- हमें सुधरना होगा

42 साल के इस पूर्व कीवी क्रिकेटर ने कहा- जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, मेहमान अधिक डरपोक हो गए। जब आपके साथ ऐसा कुछ होता है, तो एहसास होता है कि हमें सुधार की जरूरत है। आने वाले कुछ महीनों में हम इस पर काम करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि जब अगली बार भारत जाएं तो बिल्कुल अलग हों। सीरीज जीतकर भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी-2023-25 पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है।

### टीम इंडिया ने काफी दबाव बनाया: मैक्कुलम

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ने मैच के बाद मीडिया से कहा था- सीरीज के अंत में हममें कॉन्फीडेंस की कमी थी, क्योंकि रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने मेहमानों पर काफी दबाव बना दिया था। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, हम और अधिक डरपोक हो गए और यह उस दबाव के कारण था, जो भारतीय लाइन-अप द्वारा हम पर डाला गया था, न कि केवल गेंद से। बल्ले से, उन्होंने हमें जबरदस्त दबाव में रखा दबाव का भी।

# सात्विक-चिराग ने जीता साल का पहला टाइटल

## फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के फाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को 37 मिनट में हराया

**पेरिस (एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने फ्रेंच ओपन जीत लिया है। इस जोड़ी ने साल 2024 का पहला टाइटल जीता है।

सात्विक और चिराग ने खिताबी मुकाबले में चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन को सीधे गेम में 21-11, 21-17 से हराया। यह मुकाबला 37 मिनट तक चला।भारतीय पेयर ने फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन को सीधे गेम में 21-11, 21-17 से हराया।




### सेमीफाइनल में साउथ कोरियाई जोड़ी को हराया

भारतीय पेयर ने सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ कोरिया के सियो सेउंग जेई-कांग मिन हुएक को लगातार गेम में 21-13, 21-16 से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। सेमीफाइनल मुकाबला 40 मिनट चला।

सिंगल्स में लक्ष्य सेन का अभियान सेमीफाइनल में खत्म हो गया। लक्ष्य को वर्ल्ड चैम्पियन कुनलावत वितिदसर्न ने एक घंटे 18 मिनट में हराया। थाईलैंड के वितिदसर्न 20-22, 21-13, 21-11 से जीत गए।

### दूसरी बार जीता फ्रेंच ओपन

सात्विक चिराग की जोड़ी ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन का पुरुष युगल का खिताब जीता। इससे पहले वर्ल्ड नंबर-1 भारतीय जोड़ी ने 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी।

### साल का तीसरा फाइनल खेला, दो हारे

भारतीय जोड़ी इस साल का तीसरा फाइनल खेल रही थी। इस जोड़ी ने इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी, जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

# मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर



**बस्तो अर्सिजियो (इटली) (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैम्पियनशप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले 23 वर्ष के निशांत ने सर्वसम्मति से 5-0 से जीत दर्ज की।

# कुश्ती ट्रायल के दौरान ड्रामा, विनेश ने शुरू नहीं होने दिए मुकाबले

**पटियाला (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे।

डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50



किलोवर्ग के ट्रायल के लिये यहां साइ केंद्र पहुंची थी। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी लेकिन उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उसने अपना भारवर्ग कम किया।

विनेश ने लिखित आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं होने दी। उसने 50 किलो और 53 किलो दोनों में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे 50 किलो भारवर्ग में उतरे पहलवान शिकायत करने लगे।

# टोक्यो के मेडलिस्ट रेसलर पेरिस ओलिंपिक की रेस से बाहर

### बजरंग को रोहित और रवि को उदित ने नेशनल ट्रायल्स के सेमीफाइनल में हराया




**सोनीपत (एजेंसी)।** टोक्यो ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट रवि दहिया और ब्रॉन्ज जीतने वाले बजरंग पूनिया हरियाणा के सोनीपत में जारी नेशनल ट्रायल से बाहर हो गए हैं। 2 दिन के ट्रायल में रवि दहिया को फ्री-स्टाइल की 57 किलो वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में उदित ने 10-8 से हराया। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ धरने से सुर्खियों में आए बजरंग पूनिया को फ्री-स्टाइल 65 केजी वेट कैटेगरी में रोहित ने 9-1 से मात दी।

### हारते ही बाहर चले गए पूनिया, तीसरे-चौथे मुकाबले के लिए नहीं रुके

सेमीफाइनल में हारने के बाद बजरंग पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की, लेकिन वह तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले के लिए भी नहीं रुके। पूनिया ने ट्रायल्स की तैयारी के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलिंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीत लिया था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स कराने का कोई अधिकार नहीं है।

### पेरिस ओलिंपिक क्वालिफायर्स में हिस्सा लेंगे जीतने वाले रेसलर्स

इन ट्रायल में जीतने वाले रेसलर्स को पेरिस ओलिंपिक क्वालिफायर्स में भाग लेने का मौका मिलेगा, यानी रवि दहिया और बजरंग पूनिया अब पेरिस ओलिंपिक का टिकट नहीं कटा पाएंगे। ट्रायल्स का आयोजन सोनीपत के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एकेडमी में हुआ।

# गौतम सर का वापस आना केकेआर के लिए बहुत बड़ा फायदा होगा: वेंकटेश अय्यर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दौरान अपनी फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने की तैयारी कर रहे हैं और उनका कहना है कि उनके लिए खेलना बहुत बड़ा सौभाग्य है। 2021 में मजबूत शुरुआत के बाद वेंकटेश अय्यर पिछले कुछ सीजन में केकेआर की टीम में नियमित हो गए हैं। एक युवा खिलाड़ी जिसका नाम बेहद कम लोग जानते थे वह केकेआर के लिए मैदान पर आए और आश्चर्यजनक शॉट्स के साथ तत्काल प्रभाव डाला। तब से वेंकटेश ने सीजन दर सीजन उत्कृष्ट प्रदर्शन करके केकेआर प्रशंसकों के दिलों में एक विशेष स्थान अर्जित किया है।

आईपीएल 2024 से पहले मध्य प्रदेश में जन्मे




क्रिकेटर ने गौतम गंभीर को केकेआर प्रबंधन में शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गंभीर एक अद्भुत नेता हैं और वह उन्हें कोच चंद्रकांत पंडित के साथ काम करते हुए देखकर वास्तव में उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, गौतम सर का वापस आना केकेआर के लिए बहुत बड़ा फायदा होगा। मैं वास्तव में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। अतीत में मैंने उनके साथ जो भी बातचीत की है, उन्होंने हमेशा व्यक्तिगत मील के पत्थर के बजाय टीम के लक्ष्यों के लिए प्रभाव पैदा करने के बारे में बात की है। वह एक अद्भुत नेता हैं और मैं उनका और चंदू सर (चंद्रकांत पंडित) का संयोजन देखने के लिए भी उत्साहित हूं। दोनों अद्भुत रणनीतिज्ञ हैं और ट्रॉफी जीतने का अनुभव रखते हैं।

### आईपीएल 2024 के लिए केकेआर की पूरी टीम

नितीश राणा, रिंकू सिंह, रहमानुल्लाह गुरबाज, श्रेयस अय्यर (कप्तान), फिल साल्ट, सुनील नरेन, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, केएस भरत, चेतन सकारिया, मिशेल स्टार्क, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, मुजीब उर रहमान, गस एटकिंसन, साकिब हुसैन।

## संक्षिप्त समाचार

### किड्जी आशिमा आर्यन विंग्स वार्षिकोत्सव समारोह महामाया गार्डन में धूमधाम से मनाया गया

**भोपाल।** किड्जी आशिमा आर्यन विंग्स होशंगाबाद रोड का वार्षिकोत्सव समारोह दिनांक 10 मार्च को शाम पांच बजे से होशंगाबाद रोड स्थित महामाया गार्डन में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गौर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उपस्थित हुईं। विशिष्ट अतिथि श्री नवीन पुरोहित पुरोहित चैनल हेड आई एन डी 24,डा. राममनोहर तिवारी पूर्व प्राचार्य शासकीय डिग्री कालेज नर्मदा पुरम श्री प्रशांत तिवारी, श्रीमती वन्दना तिवारी व्याख्याता शासकीय डिग्री कालेज नर्मदा पुरम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे ग्रेजुएशन सेरेमनी एण्ड अवार्ड फंक्शन में ग्रेजुएट यूनीफोर्म में जैसे ही, नन्हें-मुन्हें छात्र/छात्राऐं मंच पर पहुंचे तो वहां उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति (हमारा भारत हमारी संस्कृति) पर आधारित थी ।भव्य कार्यक्रम देखकर उपस्थित लोग अभिभूत हो गये। कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्र - छात्राओं को को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की सभी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

### गोलियों की तड़ताड़हट से दहला नोएडा, पुलिस और ठक-ठक गैंग के बीच हुई मठभेड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा सोमवार की जहग गोलियों की तड़तड़ाहट से कांप उठा। यहां पुलिस कुख्यात अंतरराज्यीय ठक-ठक गैंग के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई है। सहायक पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को सेक्टर 113 में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस को शक था कि वह ठक-ठक गैंग के सदस्य हो सकते हैं। इसके बाद अचानक म मठभेड़ शुरू हो गई। मनीष कुमार के मुतबाकि पुलिस ने दोनों सदस्यों को देखा और उन्हें रोकने की कोशिश की। इससे आरोपियों ने घबराकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई लैपटॉप और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मोटरसाइकिल दिल्ली से चोरी की ग थी। दोनों आरोपियों की पहचान मदन और अभिषेक के रूप में हुई है जो ठक-ठक गैंग का हिस्सा थे। इसके अलावा एक तमंचा भी बरामद किया गया है। बता दें, ठक-ठक गैंग दिल्ली एनसीआर में एक्टिव है और लूटपाट और चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। वो लोगों का ध्यान अलग-अलग चीजों में भटकाकर उनके नाक के नीचे से सामना लेकर फरार हो जाता है। कई बार ये गैंग गाड़ी में खराबी आने का बहाना बनाता है तो कभी चोट लगने का बहाना बनाकर लोगों का ध्यान भटकाता है। फिर जैसे ही लोगों का ध्यान इधर-उधर होता है ये गैंग तुरंत उनके कीमती सामान लेकर फरार हो जाता है।

### होली से पहले यूपी के 18 लाख कर्मचारियों को योगी सरकार का बड़ा तोहफा

**लखनउ, एजेंसी।** होली से पहले योगी आदित्यनाथ ने यूपी के कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने इनका महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा दिया है। जनवरी 2024 से बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता लागू होगा। योगी सरकार के इस फैसले से 10 लाख राज्य कर्मचारियों और आठ लाख शिक्षकों को लाभ मिलेगा। जल्द ही इसका औपचारिक आदेश जारी हो जाने की संभावना है। योगी सरकार ने 12 लाख पेंशनरों को भी महंगाई भत्ते में चार फीसदी बढ़ोत्तरी का लाभ देने का फैसला किया है। चार फीसदी बढ़ोत्तरी के साथ डीए 50 फीसदी हो जाएगा। इससे कर्मचारियों की सैलरी बढ़ जाएगी। बताया जा रहा है कि इस बढ़ोत्तरी से राज्य के खजाने पर करीब 314 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। मिली जानकारी के अनुसार यूपी सरकार के वित्त विभाग ने डीए बढ़ोत्तरी को स्वीकृति दे दी है। जल्द ही इस सम्बन्ध में औपचारिक आदेश जारी हो जाएगा। माना जा रहा है कि होली के पहले कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों को बढ़े हुए डीए के साथ ये सौगात मिल सकती है। बता दें कि केंद्र सरकार ने हाल ही में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ा दिया था। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद से ही उम्मीद जताई जा रही थी कि राज्य सरकार भी जल्द ही कर्मचारियों के डीए में बढ़ोत्तरी कर सकती है।

# उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट का राजनीति में अलग रसूख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी की सात लोकसभा सीटों में शामिल उत्तर-पश्चिमी दिल्ली का राजनीति में अलग रसूख है, क्योंकि इस निर्वाचन क्षेत्र में शहरी इलाका और कच्ची कॉलोनियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की भी अच्छी खासी हिस्सेदारी है। यहां मिश्रित आबादी निर्णय लेती है। यह सीट अनुसूचित जाति के उम्मीदवार के लिए आरक्षित की गई है...





यह लोकसभा सीट वर्ष 2002 में गठित भारत के परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद साल 2008 में अस्तित्व में आई थी। इस सीट का कुछ हिस्सा हरियाणा के सीमा से सटा हुआ है। खासकर, ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाणा की संस्कृति का भी थोड़ा असर देखने को मिलता है। वर्ष 2009 में यहां पर पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ था, जिसमें कांग्रेस से कृष्णा तीरथ को सफलता मिली थी। इस निर्वाचन क्षेत्र में दिल्ली के लगभग 125 गांव और 200 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियां शामिल हैं। मंगोलपुरी और सुल्तानपुरी जैसी पुनर्वास कॉलोनी भी इसी क्षेत्र में हैं, जिनकी आबादी ही पांच लाख से अधिक मानी जाती है। मंगोलपुर कलां का पत्थर बाजार और नरेला का बाजार इस क्षेत्र के मुख्य बाजारों में शामिल हैं।

यहां पहली बार कांग्रेस की कृष्णा तीरथ को विजय मिली थी। उन्होंने भाजपा की मीरा कांवरिया को हराया था। वर्ष 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने दोबारा उदित राज को टिकट देने के बजाय हंसराज हंस को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर आम आदमी पार्टी के गुग्गन सिंह रहे। कांग्रेस प्रत्याशी राजेश लिलोठिया तीसरे स्थान पर रहे।

ये 10 विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल = नरेला, बादली, रिठाला, बवाना, मुंडका, किराड़ी, सुल्तानपुर माजरा, नांगलोई जट, मंगोलपुरी और रोहिणी शामिल हैं।

यह निर्वाचन क्षेत्र मिली-जुली आबादी वाला है। यहां ग्रामीण इलाकों का बड़ा हिस्सा है और औद्योगिक क्षेत्र होने के चलते कामगार आबादी की संख्या भी काफी है। दलित, मुस्लिम और पूर्वांचली मतदाता भी यहां बड़ी संख्या में हैं। रेहड़ी-पटरी वालों की तादाद भी काफी है। इसलिए यहां पर जीत के गणित के लिए ग्रामीण, औद्योगिक कामगार, दलित, मुस्लिम और पूर्वांचली सभी समुदायों को साथ लेकर चलने की जरूरत पड़ती है।

इस सीट पर किन उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा, यह अभी तय नहीं है, क्योंकि भाजपा ने अभी इस सीट पर अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं है। फिलहाल यहां से भाजपा के हंसराज हंस सांसद हैं। गठबंधन के चलते यह सीट कांग्रेस के पाले में आई है। कांग्रेस ने भी अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

## यूपी एमएलसी चुनाव: बीजेपी और सहयोगी दल के उम्मीदवारों ने भरा पर्चा, सुभासपा ने बिच्छेलाल राजभर को दिया टिकट

**लखनउ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 13 सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। 11 मार्च आज नामांकन का आखिरी दिन है। एमएलसी चुनाव के लिए बीजेपी के सात प्रत्याशी समेत एनडीए के अन्य प्रत्याशी ने भी आज नामांकन पत्र भरे। नामांकन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू हो गई। बीजेपी के प्रत्याशियों के साथ सीएम योगी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित सरकार के अन्य महत्वपूर्ण लोग शामिल हैं। साथ ही सहयोगी दल के प्रत्याशियों ने भी नामंकन भरे।

बीजेपी ने इससे पहले अपने 7 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। बीजेपी के प्रत्याशियों का नाम- मोहित बेनीवाल, डा. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, धर्मेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह हैं। तय समय के मुताबिक सभी प्रत्याशी सुबह दस बजे पार्टी मुख्यालय पहुंचे, जहां पहले उनका स्वागत किया गया, जिसके बाद ये सभी एकसाथ विधानभवन पहुंचे जहां सभी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बता दें कि 7 बीजेपी प्रत्याशियों के साथ ही 3 सहयोगी दलों के प्रत्याशी हैं। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को एक सीट, अपना दल सोनेलाल को एक सीट और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को भी सीट मिली है।

**लाखों किसानों को मिलेगी फ्री बिजली और सरचार्ज में भारी छूट, करना होगा ये काम:** अपना दल सोनेलाल की ओर से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल को टिकट दिया गया। यूपी में विधान परिषद के लिए सुभासपा ने मऊ के बिच्छेलाल राजभर को टिकट दिया। बीजेपी ने सुभासपा को एमएलसी की एक सीट दी है।

## क्या खत्म होगा रायपुर लोकसभा से कांग्रेस की जीत का इंतजार बृजमोहन के नए रिकॉर्ड को क्या रोक पाएगा विकास

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बढ़ रही गर्मी राजनितिक गलियारों पर अपना असर दिखाना शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के ठीक पहले रायपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपने प्रत्याशियों का नाम जनता के बीच ला दिया है। अब जनता को पूरा वक्त मिल रहा है यह तय करने के लिए की रायपुर लोकसभा का विकास राजनीति में कभी हार का मुंह ना देखने वाले शांत और भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल से कराना है, या फिर कांग्रेस के आंदोलनकारी युवा तेज तर्रार नेता विकाय उपाध्याय के हाथों पर देना है। अब आपको बताते हैं रायपुर लोकसभा के सियासी गणित और चुनावी इतिहास के बारे में। रायपुर लोकसभा सीट जो कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बनने से पहले अस्तित्व में आ चुकी थी। शुरू से ही रायपुर की धमक से दिल्ली हिल जाया करती थी। रायपुर लोकसभा क्षेत्र जहां से विद्याचरण शुक्ल, पुरुषोत्तम लाल कौशिक और रमेश बैस जैसे दिग्गज नेता दिल्ली में रायपुर की जनता की आवाज को बुलंद करते थे। साल 1952 से लेकर साल 1971 तक लगातार रायपुर लोकसभा सीट कांग्रेस के कब्जे में रही है। लेकिन आपातकाल का वह दौर जब बदला तब 1981 से साल 1989 के लोकसभा चुनाव को अगर छोड़ दिया जाए, तो रायपुर लोकसभा सीट भाजपा अब कभी नहीं हारी है। साल से 1996 में भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने वाले रमेश बैस पहली बार लोकसभा पहुंचे थे। उसके बाद 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014 तक वह लगातार लोकसभा का चुनाव जीतते हुए लगातार 23 साल तक सांसद बने रहे।

## भाजपा नेता मनप्रीत बादल को हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती; नाजुक बनी हुई है हालत

**बठिंडा, एजेंसी।** पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल को हार्ट अटैक होने के बाद उन्हें बठिंडा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें 2 स्टंट डाले हैं। उनकी हालत नाजुक बनी हुई और वह आईसीयू वार्ड में दाखिल हैं। मनप्रीत बादल की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने के बाद उनके समर्थकों का अस्पताल के बाहर तांता लगा हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि दो स्टंट डाले गए हैं। मनप्रीत बादल जल्द ही पूरी तरह से स्वास्थ्य हो जाएंगे।

आज पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल की पहली बरसी थी। इसके लिए गांव बादल में समागम रखा गया था, जिसमें मनप्रीत बादल को भी शामिल होना था, लेकिन अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। उन्हें चेकअप के लिए बठिंडा के एक निजी अस्पताल में लाया गया। चेकअप करने पर पता चला कि उनकी हालत गंभीर है और उन्हें दिल का दौरा पड़ा है।

# चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे गुट को एक और झटका, विधायक रविंद्र वायकर ने भी छोड़ा साथ

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) विधायक रविंद्र वायकर रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। वायकर ने ऐसे समय पार्टी बदली है जब प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ जांच कर रहा है। एक लक्जरी होटल बनाने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका ) के भूखंड के कथित दुरुपयोग का यह मामला है। जोगेश्वरी क्षेत्र से विधायक वायकर का साथ छोड़ना शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के लिए झटका है, क्योंकि वायकर उनके करीबी सहयोगी थे। वह एक दिन पहले ही मुंबई उत्तर-पश्चिम संसदीय सीट पर उनके साथ बैठक में मौजूद थे।



रविंद्र वायकर मालाबार हिल में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में शिंदे के नेतृत्व वाले समूह में शामिल हुए। वायकर बीएमसी के पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष, 4 बार पार्षद और चार बार जोगेश्वरी से विधायक रहे हैं। खेल और मनोरंजन उद्देश्यों के लिए निर्धारित जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड के किनारे भूखंड पर लक्जरी होटल निर्माण को लेकर वायकर घिरे हुए थे। जनवरी और जुलाई 2021 के बीच बीएमसी को गुमराह करने व धोखाधड़ी से अनुमति प्राप्त करने का आरोप है। इसे लेकर दर्ज मामले में ईडी की ओर से उनकी जांच की जा रही है।

प्राथमिकी के अनुसार, भूखंड वायकर और अन्य को सार्वजनिक उपयोग के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन उन्होंने कथित तौर पर कई करोड़ रुपये कमाने के लिए इसका व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। मुख्यमंत्री के गुट में शामिल होने के बाद वायकर ने दावा किया कि उन्होंने 50 वर्षों तक शिवसेना में काम किया है। उन्होंने कहा, मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए पाला बदला है, जहां सड़कों और पानी की आपूर्ति की जरूरत है। जहां कई काम कोविड-19 महामारी के कारण रुके हुए थे। वायकर ने कहा कि शिंदे विकास कार्यों पर तेजी से फैसले ले रहे हैं। अगर ये काम पूरे नहीं हुए, तो मैं अपने लोगों का सामना नहीं कर पाऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वायकर दिवंगत बाल ठाकरे के आदर्शों से प्रेरित होकर शिवसेना में शामिल हुए हैं।

# केट मिडलटन की फोटो पर विवाद, छेड़छाड़ की आशंका

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की राजकुमारी केट मिडलटन की जनवरी में पेट की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के बाद 10 मार्च को उनकी पहली तस्वीर सामने आई। अब इस तस्वीर को लेकर विवाद शुरू हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि इस तस्वीर में कांट-छांट की गई है। यही वजह है कि ज्यादातर न्यूज एजेंसियों ने इस तस्वीर को अपने प्लेटफॉर्म से हटा लिया है। तस्वीर में केट तीनों बच्चों जॉर्ज, चार्लेट और लुइस के साथ मुस्कुराती नजर आईं। 42 साल की प्रिंसेज ऑफ वेल्स केट मिडलटन को पेट संबंधी दिक्कत थी। उनकी सर्जरी हुई थी और वो दो हफ्ते हॉस्पिटल में रही थीं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गेटी, रॉयटर्स, एसोसिएटेड प्रेस और ब्लक्क समेत कई समाचार एजेंसियों ने अपने प्लेटफॉर्म से केट की तस्वीर हटाई। रॉयटर्स के पिक्टर एडिटर्स का कहना है कि केट की बेटी के कार्डिगन की आस्तीन का हिस्सा ठीक नहीं दिख रहा था। इससे लग रहा है कि फोटो से छेड़छाड़ की गई है।




हालांकि ये किसने किया है इसकी जानकारी नहीं मिली है। विवाद को लेकर फिलहाल रॉयल फैमिली की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि जिस दिन फोटो रिलीज की गई थी तब रॉयल फैमिली ने बयान में कहा था कि यह फोटो केट के पति प्रिंस विलियम ने विंसडर पैलेस में खींची थी। केट ने अपने ङ्ग अकाउंट पर फोटो शेयर करते हुए लिखा था- पिछले दो महीनों से जारी आप लोगों सपोर्ट के लिए धन्यवाद। ये पहली बार नहीं है जब केट को लेकर विवाद हुआ हो। पिछले साल एक किताब में दावा किया गया कि प्रिंसेस डायना की बहू केट मिडलटन (प्रिंस विलियम की पत्नी) को शादी के पहले फर्टिलिटी टेस्ट से गुजरना पड़ा था।

# गाजा में जंग के बीच हिजबुल्लाह ने इजरायल पर मिनटों में बरसाईं 37 मिसाइलें, बताया बदला

**येरुशलम, एजेंसी।** बेंजामिन नेतन्याहू की सेना और हमास आतंकियों के बीच गाजा पट्टी पर हो रहे भीषण युद्ध के बीच इजराइली धरती पर 7 अक्टूबर जैसा हमला हुआ है। उत्तरी इजरायल के माउंट मेरोन इलाके पर आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने रातभर बम बरसाए। रॉकेट हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्लाह ने ले ली है। हिजबुल्लाह ने मिनटों में 37 मिसाइलें दागी। इस हमले में इजरायल की तरफ से सबसे बड़ा फेलियर उसकी मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली आयरन डोम रही, जो 37 में से सिर्फ 7 मिसाइलों को ही जमीन पर आने से रोक पाई। हिजबुल्लाह ने इस हमले को लेकर कहा कि वह हमास का बदला ले रहे हैं। बेकसूर फिलिस्तीनियों की बड़े पैमाने पर मौत पर नाराजगी जाहिर की है। हिजबुल्लाह ने इजरायली धरती पर हवाई हमले के लिए अपने नागरिकों की मौत का बदला करार दिया है। पिछले साल अक्टूबर में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्लाह और इजरायल लगभग रोजाना सीमा पार हमले कर रहे हैं। लेबनान में पिछली रात इजरायली हवाई हमले में आतंकवादी समूह के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। मरने वाले हिजबुल्लाह के आतंकियों में जाफ़र मरजी, अली मरजी और हसन मरजी थे। इसके जवाब में हिजबुल्लाह ने रविवार को उत्तरी इजरायल पर मिनटों में 37 रॉकेट दागे। आईडीएफ के अनुसार, कुछ समय पहले माउंट मेरोन क्षेत्र में लेबनान से दो बार में लगभग 37 रॉकेट दागे गए थे। आईडीएफ का कहना है कि पहली बौछार में 30 रॉकेट दागे गए। इनमें से एक मिसाइल को आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया था। इसमें कहा गया है कि दूसरी बौछार में सात रॉकेट दागे गए, जिनमें से छह को सफलतापूर्वक मार गिराया गया। आईडीएफ ने हमले वाले इलाके से किसी भी व्यक्ति को चोट या मौत की पुष्टि नहीं की है। हिजबुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसने मेरोन शहर पर दर्जनों रॉकेट दागे।





# जो बाइडन को माफी मांगनी चाहिए.. अमेरिकी छात्र की हत्या ने बढ़ाई राष्ट्रपति की मुश्किलें, ट्रंप की पार्टी ने बोला हमला

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस के शीर्ष रिपब्लिकन ने रविवार को एक अमेरिकी छात्र की हत्या पर राष्ट्रपति जो बाइडन से माफी की मांग की है। पूर्व ट्विटर ङ्ग पर हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति अपने आधार से डर रहे हैं और एक ऐसे व्यक्ति के प्रति सम्मान दिखा रहे हैं जो किसी का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा कि कथित हत्यारा एक अवैध आप्रवासी है जिसने लेकन रिले की बेरहमी से हत्या कर दी। दरअसल, नर्सिंग छात्र लेकन रिले की 26 जनवरी को हत्या कर दी गई थी। रिले का शव जॉर्जिया विश्वविद्यालय के परिसर में एक झील के पास मृत पाया गया था। इस मामले में



वेनेजुएला के एक प्रवासी पर हत्या और अपहरण का आरोप लगा है। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में यह मामला मुख्य केंद्र बिंदु बना हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले रिपब्लिकन ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि रिले की हत्या बाइडन द्वारा ढीले सीमा प्रवर्तन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इससे पहले बाइडन ने रिले के हत्यारे को अवैध आप्रवासी कहने पर खेद प्रकट कर माफी मांगी थी। इसी पर ट्रंप ने शनिवार को जॉर्जिया में एक रैली के दौरान हमला बोला।

ट्रंप ने कहा कि हत्यारे से माफी मांगने के लिए बाइडन को माफी मांगनी चाहिए। हत्यारा एक अवैध विदेशी था। पूर्व राष्ट्रपति, जिन्होंने प्रवासियों पर देश के खून में जहर घोलने का आरोप लगाया है, ने कहा कि अगर बाइडन ने सीमा प्रवर्तन में ढील नहीं दी होती तो रिले आज जिंदा होती।

# 8,600 साल पुरानी दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड, अभी भी गोल और स्पंजी

**जार्जिया, लंदन, एजेंसी।** पुरातत्वविदों ने दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड खोज निकाला है। यह ब्रेड 8,600 साल पुरानी है, जो दक्षिणी तुर्किये के कोन्या प्रांत में एक पुरातात्विक स्थल कैटलहोयुक में मिली है। यह खोज 6600 ईसा पूर्व की है और ब्रैड कच्चे और फर्मेंटेंड हालत में पाया गया है। ब्रेड के अवशेष मेकन 66 नामक क्षेत्र में आंशिक रूप से नष्ट हुए ओवन के पास पाए गए, जो प्राचीन मिट्टी की ईंटों से बने घरों से घिरा हुआ था। तुर्किये के नेकमेट्टिन एर्बाकन यूनिवर्सिटी साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड एप्लीकेशन सेंटर (बीआईटीएएम) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्रेड काफी गोल और स्पंजी है और विश्लेषण के माध्यम से इसकी पहचान की गई। तुर्किये राज्य समाचार आउटलेट अनादोलु एजेंसी के हवाले से अनादोलु विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर, पुरातत्वविद् अली उमुट तुर्कान ने दावा किया हम कह सकते हैं कि कैटालहोयुक में मिली यह दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड है। यह एक पाव रोटी का छोटा संस्करण है। इसके बीच में एक उंगली दबाई गई है, इसे पकाया नहीं गया है, लेकिन इसे फर्मेंटेंड किया गया है और अंदर के स्टार्च आज तक जीवित है। उन्होंने कहा कि आज तक इस तरह का कोई समान उदाहरण नहीं मिला है।

स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से मिली तस्वीरों के मुताबिक, ब्रेड के भीतर स्टार्च के कण दिखाई दिए है। तुर्कीये में गाजियांटेप विश्वविद्यालय के बायोलॉजिस्ट सलीह कावाक ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस खोज ने ब्रेड की प्रामाणिकता के बारे में हमारे संदेह को खत्म कर दिया है। स्टडी में यह भी बताया गया कि ब्रेड बनाने के लिए आटे और पानी को मिलाया गया था, जिसे बाद में ओवन के पास तैयार किया गया था और संभवतः कुछ समय के लिए संग्रहीत किया गया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129